दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित!

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज




● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 28 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 486

## संक्षिप्त खबरें ।

### मुंबई हमले के गुनहगार अब्दुल रहमान मक्की की मौत आतंकी संगठन जमात–उद–दावा का था डिप्टी चीफ



**लोक तंत्र की आवाज़**

**लाहौर।** मुंबई आतंकी हमलों का गुनहगार और प्रतिबंधित आतंकी संगठन जमात–उद–दावा के डिप्टी चीफ हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मक्की का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ है। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार हाफ़ज़ि अब्दुल रहमान मक्की की दिल का दौरा पड़ने से मृत्यु हो गई हो गई है। जानकारी के अनुसार, मक्की मुंबई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का रिश्तेदार था और प्रतिबंधित जमात–उद–दावा के उप प्रमुख था। जमात–उद–दावा (जेयूडी) के अनुसार, प्रोफेसर अब्दुल रहमान मक्की पिछले कुछ दिनों से बीमार था और लाहौर के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज हो रहा था।

**साल 2020 में सुनाई गई थी सजा:** जेयूडी के एक अधिकारी ने बताया कि मक्की को आज सुबह दिल का दौरा पड़ा और उसने अस्पताल में अंतिम सांस ली। जेयूडी प्रमुख हाफिज सईद के रिश्तेदार मक्की को आतंकवाद रोधी अदालत ने 2020 में आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले में छह महीने की कैद की सजा सुनाई थी। मक्की जेयूडी का उप प्रमुख था और आतंकवाद के मामले में सजा सुनाए जाने के बाद से उसकी अधिक चर्चा नहीं हुई। पाकिस्तान मुत्तहिदा मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) ने एक बयान में कहा कि मक्की पाकिस्तानी विचारधारा का समर्थक था। मक्की को 2023 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था, जिसके तहत उसकी संपत्ति जब्त की गई, यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया और हथियार पर प्रतिबंध लगाए गए। मक्की की तलाश भारत के साथ ही कई अन्य देशों को भी थी। बता दें कि लश्कर–ए–तैयबा के आतंकवादियों ने 26 दिसंबर, 2008 को मुंबई में हमला कर दिया था। जिसमें सौ से अधिक लोग मारे गए थे। अप्रैल में सोशल मीडिया पर अफवाहें उड़ी थीं कि मास्टरमाइंड हाफिज सईद को भी बीमारी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गिरिराज सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न दिए जाने की मांग पर आरजेडी ने सवाल खड़ा किया है

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार बीजेपी के नेताओं द्वारा प्रदेश के मुख्मंत्री नीतीश कुमार को भारत रत्न देने की मांग पर राजद ने जोरदार पलटवार किया है. पार्टी के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने गिरिराज सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नवीन पटनायक को भारत रत्न दिए जाने की मांग पर सवाल खड़ा किया है. उन्होंने दावा किया है कि बीजेपी के नेता नीतीश कुमार को लुभाने के लिए भारत रत्न देने की बात कर रहे हैं. सच्चाई से इसका दूर–दूर तक कोई नाता नहीं है. वही, उन्होंने आरिफ मोहम्मद खान को प्रदेश का नया राज्यपाल बनाए जाने पर सवाल उठाया है।

**बीजेपी की असली नजर नीतीश कुमार की कुर्सी पर है-राजद:** मीडिया से बात करते हुए राजद प्रवक्ता ने कहा, ₹अब बीजेपी नीतीश कुमार को लुभाने के लिए भारत रत्न, नोबेल पुरस्कार जैसे शब्दों का इस्तेमाल करेगी, लेकिन बीजेपी की असली नजर नीतीश कुमार की कुर्सी पर है. यह बात अब साफ तौर पर जुबान पर आ गई है. अब जेडीयू और नीतीश कुमार को यह सोचने की जरूरत है कि वे किस तरह से चुनाव लड़ेंगे. जो सरकार में हैं, वही मांग कर रहे हैं और कह रहे हैं कि सब कुछ दे दिया जाए. लेकिन, नीतीश कुमार को बीजेपी का चेहरा और उसके चरित्र को समझना होगा. आज तो सब कुछ अच्छा–खासा दिखाया जाएगा, लेकिन चुनाव के बाद कुर्सी से बेदखल कर दिया जाएंगे।

**राज्यपाल के तबादले पर उठाया सवाल:** केंद्र सरकार ने हाल ही में पांच राज्यों के राज्यपालों की नियुक्ति की है. इनमें दो राज्यों में नए राज्यपाल की नियुक्ति के साथ तीन राज्यों में अन्य राज्यों के राज्यपाल का स्थानांतरण किया गया है. इसमें केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार का नया राज्यपाल बनाए जाने पर आरजेडी नेता मृत्युंजय तिवारी ने सवाल उठाए हैं. तिवारी ने बिहार चुनाव से पहले राज्यपाल बदलने पर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, ₹इतने कम समय में राज्यपाल को बदलने से केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं. आखिरकार, किस उद्देश्य से और क्यों यह बदलाव किया गया है, यह सभी को स्पष्ट दिखाई दे रहा है और सबको इसका कारण समझ में आ रहा है।

### गिरिराज सिंह ने नीतीश के लिए मांगा था भारत रत्न

बुधवार को केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार और ओडिशा के मुख्यमंत्री रहे नवीन पटनायक को भारत रत्न देने की मांग की थी. केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बुधवार को पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव में एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में मैदान में उतरेगी और बिहार में फिर से एनडीए की सरकार बनेगी. इसे लेकर किसी को कन्फ्यूजन में नहीं रहना चाहिए।

# मनमोहन सिंह ने वित्तीय संकट से देश को बाहर निकाला', पूर्व पीएम के निधन पर बोले पीएम नरेंद्र मोदी



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि भी दी है। पीएम मोदी ने कहा, 'डॉक्टर मनमोहन सिंह जी का निधन अत्यंत दुःखद है। मैं उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने वित्तीय संकट से देश को बाहर निकाला है।

**ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब थे मनमोहन सिंह:** पीएम मोदी ने कहा, 'मनमोहन सिंह का जीवन उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब था। वह एक प्रतिष्ठित सांसद थे। मनमोहन सिंह का जीवन हमेशा यह सबक देगा कि कैसे कोई व्यक्ति अभाव और संघर्ष से ऊपर उठकर सफलता प्राप्त कर सकता है।

**साधारण पृष्ठभूमि से आकर प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने:** वहीं, गुरुवार रात मनमोहन सिंह के निधन की खबर मिलते ही पीएम मोदी ने भावुक संदेश लिखा था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पीएम मोदी ने लिखा, 'भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉक्टर मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक मना रहा है। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और सालों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।

### सात दिन का राष्ट्रीय शोक

केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार को होने वाले सभी सरकारी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है।

# फिर होगा 'खेला'? अटकलों के बीच बीजेपी ने चल दी पहली चाल; 'ब्रांड नीतीश' पर क्या है जेडीयूका प्लान

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी गुरुवार को शामिल हो गए। सम्राट के प्रगति यात्रा में शामिल होने के राजनीतिक मायने समझे जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जब पिछले सोमवार से बेतिया जिले से अपनी प्रगति यात्रा आरंभ की थी, तब भाजपा या फिर एनडीए घटक दल से आधिकारिक तौर पर कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं था।

जदयू नेता व जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी ही उनके साथ बेतिया व मोतिहारी दोनों जगहों पर थे। तब यह कहा गया कि पूर्व में भी मुख्यमंत्री भी अपनी यात्रा में अकेले ही रहे हैं। वैसे भाजपा की एक महिला मंत्री एक जगह जरूर नजर आयीं थी। इस पर कहा गया कि समीक्षा बैठक में सभी जन प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था।

**एकजुटता साफ–साफ दिखे इसे अब केंद्र में रख रहे:** हाल में जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया हाउस के एक कार्यक्रम में यह कहा था कि बिहार में अगले वर्ष होने वालाबिहार विधानसभा चुनाव 2025 किसके नेतृत्व में लड़ा जाएगा यह भाजपा और जदयू मिलकर तय करेगा। जदयू को इस बात पर हैरानी हुई, क्योंकि पूर्व में जब एनडीए की समन्वय समिति की बैठक मुख्यमंत्री आवास में हुई थी तब यह तय हुआ था कि विधानसभा का अगला चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा।

नीतीश कुमार के नेतृत्व की तारीफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने बिहार के कार्यक्रम मे की है। अमित शाह के बयान के बाद एनडीए कई तरह की चर्चा शुरू हो गयी। इसी दौरान पटना में आयोजित बिजनेस कनेक्ट कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नहीं गए। कहा गया कि वह अस्वस्थ हैं। आयोजन के कर्ता–धर्ता भाजपा नेता व उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के शामिल होने से राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। सम्राट के इस कदम को एनडीए में एकजुटता दिखाने और नीतीश कुमार के नेतृत्व के प्रति आस्था जताने के तौर पर देखा जा रहा है। हालांकि जदयू नेताओं का कहना है कि ब्रांड नीतीश से इतर जाने का कोई सवाल ही नहीं है।

# एक इंसान की जिंदगी दांव पर लगी है', किसान नेता डल्लेवाल के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को लगाई फटकार

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के मामले में फटकार लगाई है और उन्हें जल्द से जल्द चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 31 दिन से आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता की सेहत और उपचार को लेकर पंजाब सरकार से हलफनामा मांगा है और कल फिर सुनवाई करने का फैसला किया है। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि हम कल सुनवाई के दौरान जगजीत सिंह डल्लेवाल से ऑनलाइन बात करेंगे। उसके बाद कोई आदेश देंगे। हमारी पहली प्राथमिकता उनकी जिंदगी है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के चीफ सेकेट्री और डीजीपी को भी कल होने वाली सुनवाई में ऑनलाइन मौजूद रहने को कहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को आदेश दिया है कि डल्लेवाल को पर्याप्त चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए। हालांकि, पंजाब सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है। ऐसे में पंजाब सरकार के खिलाफ याचिका लगाई गई है, जिसमें कहा गया है कि पंजाब सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवमानना कर रही है। सुप्रीम कोर्ट की स्पेशल बेंच ने इस मामले में सुनवाई करते हुए पंजाब सरकार को फटकार लगाई है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस सुधांशु धूलिया की बेंच ने अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए डल्लेवाल को मेडिकल सहायता उपलब्ध कराने के उसके निर्देश पर अमल न होने पर पंजाब सरकार के रवैये पर नाराजगी जाहिर की। पंजाब सरकार की ओर से कहा गया कि प्रदर्शनकारी किसान नहीं चाहते कि डल्लेवाल को धरनास्थल से शिफ्ट किया जाए। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कुछ लोग किसान नेता को इस तरह से बंधक बना कर नहीं रख सकते। डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

### पंजाब सरकार को नोटिस

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की अवकाशकालीन पीठ ने डल्लेवाल को चिकित्सा सहायता के संबंध में शीर्ष अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के कारण मुख्य सचिव के खिलाफ अवमानना याचिका पर पंजाब सरकार को नोटिस जारी किया।

# दिसंबर की ठंडी में फिर गरमा गई है बिहार की राजनीति

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** दिसंबर की सर्द रातों में राजनीतिक सरगर्मी का बढ़ जाना कोई नई बात नहीं है. एक साल पहले भी बिहार ऐसी सर्द रातों का गवाह रह चुका है. अब एक बार फिर दिसंबर बीत रहा है तो सोशल मीडिया से लेकर राजनीतिक पंडितों तक में एक बार फिर बिहार में पाला बदल की गुंजाइश की आहट महसूस की जाने लगी है. हालांकि पिछली बार की तरह इस बार भी संबंधित दलों की ओर से कोई ऐसी बात सामने नहीं आई है. फिर भी दो ऐसे घटनाक्रम हैं, जिनको लेकर कहा जा सकता है कि कुछ न कुछ नाराजगी जरूर है. इसमें पहला है राजद विधायक भाई वीरेंद्र की ओर से सीएम नीतीश कुमार को महागठबंधन में आने का ऑफर देना

### ● 28 और 29 तारीख से है गहरा कनेक्शन

और दूसरा है डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का यह कहना कि जब तक भाजपा का अपना सीएम नहीं होता, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि नहीं होगी।

डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा के बयान के बाद से सियासी पार चढ़ गया और राजद से लेकर कांग्रेस के अलावा जेडीयू के रिएक्शन भी आए. भाजपा ने नुकसान भरपाई और नीतीश कुमार के नाराज न होने के उपाय भी फौरी तौर पर शुरू कर दिए. इस बीच राजद विधायक भाई वीरेंद्र का यह कहना कि राजनीति में कुछ भी संभव है, सरगर्मी पैदा करता है. भाई वीरेंद्र का कहना है कि राजनीति में कोई हमेशा के लिए दोस्त और दुश्मन



नहीं होता. राजनीति परिस्थितियों का खेल है. उन्होंने दावा करते हुए कहा कि संभव है कि बिहार में फिर से खेला हो जाए. अगर नीतीश कुमार सांप्रदायिक ताकतों को छोड़कर आएंगे तो हम उनका स्वागत करेंगे. हालांकि भाई वीरेंद्र का इस तरह का बयान पूर्व में भी आ चुका है।

इससे पहले राजद नेता तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमले की कड़ी को आगे बढ़ाते हुए कहा था, नीतीश कुमार को बीजेपी चला रही है. भाजपा के हाथ में मुख्यमंत्री कार्यालय का पूरा कंट्रोल चला गया है. दिल्ली में बैठे जेडीयू के कुछ नेता भाजपा के लिए काम कर रहे हैं और अब बिहार में सब कुछ अमित शाह देख रहे हैं. तेजस्वी यादव के ऐसे बयान राजनीतिक सरगर्मी और किसी भी बदलाव के विपरीत हैं. आम तौर पर नीतीश कुमार जिस दल से हाथ मिलाने जा रहे होते हैं, उस दल के नेताओं के बयान उनके प्रति माधुर्य से भरे होते हैं. याद कीजिए पिछले साल गृह मंत्री अमित शाह पूरे साल नीतीश कुमार के लिए भाजपा के दरवाजे बंद होने की बात कहते रहे लेकिन 2024 के पहले महीने में ही नीतीश कुमार का पाला बदल और तेजस्वी यादव का तख्तापलट हो गया था।

सीधी सी बात है, अगर राजद और जेडीयू या फिर नीतीश और लालू के बीच किसी भी प्रकार की खिचड़ी पक रही होती तो लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, रोहिणी यादव आदि के बोल में शक्कर घुल जाते. जैसा कि पिछले साल दिसंबर से लेकर जनवरी तक भाजपा नेताओं के बोल में घुल गए थे. अगर आज भी तेजस्वी यादव और लालू प्रसाद यादव नीतीश कुमार के खिलाफ व्यक्तिगत तौर पर हमले बोल रहे हैं तो जाहिर सी बात है कि बाकी सब बातें कयासबाजी हैं.

# चिराग पासवान के करीबी हुलास पांडेय के घर ईडी की रेड, पटना-बेंगलुरु में छापेमारी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल एलजेपीआर नेता हुलास पांडे के तीन ठिकाने पर एऊकी टीम रेड करने पहुंची है. जानकारी के अनुसार केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की पार्टी एलजेपीआर के नेता हुलास पांडेय के पटना में 2 और बेंगलुरु के एक ठिकाने पर ईडी की रेड हुई है. ईडी की टीम आज सुबह से हुलास पांडेय के अलग–अलग ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. बता दें, हुलास पांडे केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बेहद करीबी माने जाते हैं।

एलजेपीआर के संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बेहद करीबी हुल्लास पांडेय के तीन ठिकाने पर एऊने छापेमारी की कार्रवाई की है. इसमें पटना में दो और बेंगलुरु में एक ठिकाना शामिल है. ईडी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह कारवाई आय से अधिक संपत्ति को लेकर की गई है। एलजेपीआर नेता हुलास पांडेय बिहार के बहुचर्चित पूर्व विधायक और बाहुबली नेता माने जाते रहे हैं. बताया जा रहा है कि ईडी की टीम हुलास पांडेय के पटना स्थित गोला रोड और बेंगलुरु समेत अन्य ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है. जानकारी के अनुसार ईडी को हुलास पांडेय से जुड़ी कई अहम जानकारी मिली थी, जिसके बाद आज टीम अलग–अलग लोकेशन पर रेड करने पहुंची है।

# किम जोंग को भारी पड़ी पुतिन की मदद! यूक्रेन ने पकड़ा उत्तर कोरिया का सिपाही, दक्षिण कोरियाई एजेंसी ने की पुष्टि

**लोक तंत्र की आवाज़**



**मॉस्को।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से उत्तर कोरिया के लिए बुरी खबर आई है। यूक्रेन ने उत्तर कोरिया के एक सैनिक को पकड़ लिया है। किम जोंग ने रूस की मदद के लिए अपने सैनिक भेजे हैं। ये सैनिक यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूसी सेना की मदद कर रहे हैं। इन्हीं सैनिकों में से एक सैनिक घायल अवस्था में यूक्रेन के पास है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने इसकी पुष्टि की है। अब किम जोंग के लिए अपने सैनिक को सुरक्षित बाहर ला पाना बेहद मुश्किल होगा।

योनहाप समाचार एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि यूक्रेन की स्पेशल फोर्स ने एक घायल उत्तर कोरियाई सैनिक को पकड़ा है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की। रूस–यूक्रेन युद्ध में यह पहली घटना है, जब उत्तर कोरिया का कोई सैनिक यूक्रेन के कब्जे में आया है।

**कुर्स्क में पकड़ा गया उत्तर कोरियाई सैनिक:** दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस की तरफ जारी बयान में कहा गया ₹एक मित्र राष्ट्र के खुफिया संगठन के साथ बातचीत में हमें पता चला है कि एक घायल उत्तर कोरियाई सैनिक पकड़ा गया है। हम इसके बाद के घटनाक्रम की गहन जांच करने की योजना बना रहे हैं।₹ योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार सबसे पहले मिलिटर्नी नाम के मीडिया आउटलेट ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी थी। यूक्रेन के सैन्य–केंद्रित समाचार आउटलेट की रिपोर्ट में कहा गया था कि देश की सेना ने रूस के पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्र कुर्स्क में ऑपरेशन के दौरान उत्तर कोरियाई सैनिक को पकड़ा है। इसके बाद दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने इसकी पुष्टि की।

# दिल्ली विस चुनाव: इधर आप ने कांग्रेस को दिया झटका उधर नीतीश की जेडीयू से किनारा करने लगी बीजेपी

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानभा चुनाव के लिए सियासी हलचल बढ़ गई है. पहले आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को झटका दिया. अरविंद केजरीवाल ने साफ कहा कि आम आदमी पार्टी का कांग्रेस संग गठबंधन नहीं होगा. अब भाजपा नीतीश कुमार की जदयू से किनारा करने के मूड में है. जी हां, सूत्रों की मानें तो दिल्ली चुनाव में भाजपा नीतीश कुमार की जदयू संग गठबंधन करने के पक्ष में नहीं है. दिल्ली भाजपा ने अपने फैसले से आलाकमान को अवगत करा दिया है।

दरअसल, दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रदेश यूनिट चाहती है कि भाजपा का जदयू के साथ गठबंधन न हो. दिल्ली भाजपा जमीनी कार्यकर्ता को उम्मीदवार बनाने के पक्ष में है. भाजपा की दिल्ली यूनिट ने 2020 के विधानसभा चुनावों के नतीजों और परफॉर्मेंस को देखते हुए यह फैसला लिया है.

**जदयू का बुरा था प्रदर्शन:** दिल्ली चुनाव 2020 में इन तीनों सीटों पर जदयू की करारी हार हुई थी. ये तीनों सीटें आम आदमी पार्टी के खाते में गई थीं. यही वजह है कि भाजपा की प्रदेश यूनिट इस बार जदयू संग गठबंधन के पक्ष में नहीं है. हालांकि, इस पर आखिरी फैसला केंद्रीय नेतृत्व को करना है. अब तक जदयू का मन यही है कि वह भाजपा के साथ मिलकर ही चुनाव लड़ना चाहती है. अगर भाजपा उसके साथ चुनाव नहीं लड़ती है तो यह एक तरह से एनडीए में खटपट की शुरुआत होगी।

**कांग्रेस–आप की राह भी जुदा:** इससे पहले आम आदमी पार्टी ने साफ कर दिया था कि वह कांग्रेस संग गठबंधन नहीं करेगी. आम आदमी पार्टी दिल्ली चुनाव में अकेले ही उतरेगी. अब कांग्रेस और आम आदमी पार्टी खुलकर एक–दूसरे के आमने–सामने है. दोनों एक–दूसरे के पक्के वाले सियासी दुश्मन बन चुके हैं.

## संक्षिप्त खबरें ।

### पूर्व प्रधानमंत्री डॉ॰ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक, कांग्रेस नेताओं ने व्यक्त की संवेदना



सुनील कुमार
**नवादा।** पूर्व प्रधानमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता डॉ॰ मनमोहन सिंह के निधन पर नवादा में शोक की लहर है। कांग्रेस नेताओं ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है। कांग्रेस नेता व राजगीर विधानसभा के भावी प्रत्याशी संजय कुमार पासवान उर्फ डीसी ने कहा डॉ॰ मनमोहन सिंह कांग्रेस के मजबूत नेता थे। देश ने आज एक महान और अच्छे नेता खो दिया है। 21वीं सदी के सफलतम प्रधानमंत्री के रूप में वे हमें सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। देश के महान सपूत को कृतज्ञ राष्ट्र एवं पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता नमन करता है। वर्ष 2004 से 2014 तक देश के दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह। इससे पहले उन्होंने ही 90 के दशक में पीवी नरसिम्हाराव की सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए देश में आर्थिक सुधारों की शुरुआत की थी। उनके आर्थिक सुधारों को ही भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी का वृहद नींव माना जाता है।

### तक्षशिला गुरुकुल विद्यालय में वीर बाल दिवस के अवसर पर बच्चों के बीच दौड़ प्रतियोगिता कराई



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज स्थित तक्षशिला गुरुकुल विद्यालय में गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच दौड़ प्रतियोगिता कराई गई। विभिन्न वर्गों के बच्चों को समूहों में बांटकर दौड़ करा विजेता को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता माफी गढ़ स्थित मैदान में आयोजित हुई। संस्थान के निदेशक धनंजय सिंह ने बताया कि आज के दिन 26 दिसंबर 1704 को सिक्खों के दसवें गुरु गुरुगोविंद सिंह के चार पुत्रों में से दो छोटे पुत्र जोरावर सिंह (9 वर्ष) और फतेह सिंह (6 वर्ष) को मुगल शासकों ने इस्लाम कबूल नहीं करने पर दीवार में चुनवा दिया था। इस दिन हम वीर बाल दिवस के रूप में मना रहे हैं प्रतियोगिता के शिवा जी ग्रुप में प्रियांशु कुमार,ऋषभ सिंह,सनीश कुमार,महाराणा प्रताप ग्रुप में रितेश कुमार,सत्यम कुमार,अमित कुमार,लक्ष्मीबाई ग्रुप में है।

### दो साइबर ठग गिरफ्तार,भेजा गया न्यायालय

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन।** वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव स्थित एक बगीचा में बुधवार को वारिसलीगंज पुलिस ने छापेमारी कर दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार ठगों के पास से ठगी में संलिप्त होने के पर्याप्त साक्ष्य मिलने बाद आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज न्यायालय भेज दिया गया।थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी,कि दरियापुर स्थित एक सागवान के बगीचा में बैठकर कुछ साइबर अपराधी ठगी करने में जुटे हैं।सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा छापेमारी की गई।पुलिस आते देख कुछ अन्य साइबर ठग भागने में सफल रहे।जबकि मौके से दौलतपुर ग्रामीण अंकित कुमार और विकास कुमार को गिरफ्तार कर थाना लाया गया।दोनों आरोपी के पास से दो मोबाइल जब्त किया गया है।बताया गया कि दोनों आरोपी सस्ते व्याज पर धनी फाइनेंस का ऋण मुहैया करवाने का झांसा देकर ठगी करने का कार्य कर रहे थे। बता दें कि वारिसलीगंज एक काशीचक क्षेत्र में दिन के उजाले में ठग बगीचे एवं सुनसान स्थानों पर बैठकर लोगो को विभिन्न प्रकार का प्रलोभन देकर मोटी रकम की ठगी करते हैं।बदलते ठगी के तकनीक में फिलहाल लोन देने तथा एप को इंस्टाल करने के माध्यम से ठगी की घटना को अंजाम देने में जुटे हैं।

### रसोइयों की पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन

**कौआकोल(नवादा)।** प्रखण्ड के मध्य विद्यालय कौआकोल में गुरुवार को शिक्षा विभाग के सौजन्य से प्रखण्ड के रसोइयों एवं सहायकों का पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 15 विद्यालयों से चयनित 30 रसोइयों ने हिस्सा लिया। सभी रसोइयों को तीन ग्रुप में विभक्त कर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभागीय निर्देशानुसार प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले रसोइयों के समूह को प्रमाण पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद डीपीओ (एमडीएम) मो० मजहर हुसैन ने रसोइयों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पाक कला एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण कला है। भोजन बनाना एवं स्वादिष्ट बनाना दोनों अलग-अलग बात है। सभी रसोइया स्वादिष्ट भोजन बनाएं,जिससे बच्चे काफी रुचि लेकर उनके द्वारा बनाए गए भोजन ग्रहण करें।

# नवादा में मोबाइल चोरी कर भाग रहे दो चोर को भीड़ ने पकड़कर किया धुनाई, पुलिस को किया हवाले

**मोबाइल कि चोरी कि घटना जंगल में लगी आग कि तरह पूरे इलाके में फैल गया**



लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार
**नवादा ।** नवादा में लगातार मोबाईल चोरी से लोग परेशान है. इन दिनों नवादा शहर समेत जिले के सभी थानाक्षेत्रों के विभिन्न बाजारों में समान की खरीदारी करने के क्रम में मोबाईल चोर हाथ साफ कर ले रहे हैं। मोबाईल चोरी और छिनतई की घटना से त्रस्त हैं, हालांकि ऑपरेशन ₹मुस्कान₹ के तहत जिला प्रशासन द्वारा लोगों के मोबाईल ढूंढने में सफलता हासिल कर रहे हैं. अबतक दर्जनों मोबाईल धारकों को उनके खोया ,चोरी और छिनतई की गई मोबाईल बरामद किया है. बावजूद मोबाईल चोर ऐसे घटना का अंजाम देने से बाज नहीं आ रहे हैं. इसी कड़ी में नवादा में दो मोबाईल चोरों को भीड़ ने पकड़कर पहले धुनाई किया ,फिर पुलिस के हवाले कर दिया। यह पुरा मामला नवादा जिले के सिरदला थानाक्षेत्र की है, जहां सिरदला बाजार में सब्जी खरीदने के दौरान एक युवक को मोबाईल चोर ने हाथ साफ कर लिया .बताया गया कि जैसे हीं रंजीत पासवान नामक व्यक्ति नीचे झुके, तभी पास में खड़ा एक युवक थैला से पर्दाकर शर्ट के उपरे पैकेट में रखे उनके एंड्रॉएड कीमती मोबाइल चोरी कर गायब हो गया। ठीक उसी वक्त एक और युवक ने फुलवरिया गांव निवासी उमेश दास का मोबाइल भी इसी प्रकार चोरी कर चम्पत हो गया। मोबाइल कि चोरी कि घटना जंगल में लगी आग कि तरह पूरे इलाके में फैल गया, जिसके बाद बाजारवासी इधर- उधर खोजने मोबाईल चोर को तलाशने लगे. इस दौरान नजर पड़ते हीं दो मोबाईल चोर को चोरी के मोबाइल के साथ बाजारवासियों ने पकड़ लिया.जिसके बाद भीड़ ने धुनाई भी की और फिर पुलिस को सूचना दिया. इस दौरान पकड़े गये आरोपी के पास रहे चोरी के मोबाइल को मोबाइल स्वामी ने वापस लेकर एसआई जितेन्द्र मिश्रा के हवाले कर दिया है. दो -दो मोबाइल चोर के पकड़े जाने से बाजारवासियों व आम ग्रामीणों राहत महसूस किया . बता दें कि सिरदला सब्जी बाजार से पिछले छः माह में दर्जनों लोग मोबाइल चोरी के शिकार हो चुके हैं। सिरदला थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि पकड़े गये कथित चोर अपना पता सही-सही नहीं बता रहे है. नाम और पता का सत्यापन के बाद मोबाइल स्वामी के लिखित ब्यान के आधार पर पूछताछ के बाद न्यायालय नवादा को सुपुर्द कर दिया जायगा. पुलिस बहरहाल अग्रेतर कार्रवाई में जुटी है।

## विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ वारिसलीगंज पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ई किसान भवन में गुरुवार को विभागीय कार्यों की समीक्षा के साथ पंचायत समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख रवि देवी ने किया जबकि संचालन बीडीओ डा पंकज कुमार के द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित अपसढ़ पंचायत की मुखिया राजकुमार सिंह ने अधिकारियों से जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल बनाने की मांग करते हुए पीड़ित परिवारों को बेवजह परेशान नहीं करने का अनुरोध किया।बैठक में कुछ पंचायत प्रतिनिधियों सहित कई महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहे,जिसपर पंचायत प्रतिनिधियों ने आपत्ति दर्ज कराई। मौके पर प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी अतुल कुमार,मनरेगा पीओ पंकज कुमार सहित कई विभाग के अधिकारी के साथ-साथ उपप्रमुख अरुणा देवी,अपसढ़ पंचायत की मुखिया राजकुमार सिंह, मोहिउद्दीनपुर की मुखिया प्रभु प्रसाद, पंस राजेश कुमार सहित प्रखंड के एक दर्जन पंचायत समिति सदस्य आदि उपस्थित रहे। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि ने सीएचसी में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई।जिसमें मुख्य रूप से हर माह 21 तारीख को दिव्यांग शिविर लगाए जाने तथा आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की जानकारी दी गई। पीएचडी के कर्मी ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में 34 योजना बंद था। जिसे चिन्हित कर कुछ योजना को छोड़कर लगभग सभी को पूरा कर लिया गया है। वहीं मनरेगा पीओ पंकज कुमार ने बताया कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर एक पंचायत में खेल मैदान निर्माण किए जाने का कार्य किया जा रहा है। बताया कि जमीन उपलब्ध रहने पर पंचायत में एक से अधिक खेल मैदान का भी निर्माण किया जा सकता है। खेल मैदान में वालीवाल,खो खो सहित लोगो को बैठने के लिए शेड,चेंजिंग रूम आदि बनाया जा रहा है। कहा की इसके अलावे ग्रामीण क्षेत्रों में पशु शेड, मुर्गी शेड, जीविका भवन आदि बनाए जाने का प्रस्ताव लिया है। जिसके लिए लाभुक आवेदन दे सकते हैं।

## सेवा और समर्पण के साथ मनाया जाएगा सचिव विकास कुमार माली का जन्मोत्सव

लोकतंत्र की आवाज़

**गया ।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली ने अपने जन्मदिवस को समाजसेवा का प्रतीक बनाते हुए इसे खास तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर संस्था की ओर से कई सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आम लोगों और जरूरतमंदों को मदद पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।सदर अस्पताल में मरीजों के बीच किया जाएगा। फल वितरण जहां भर्ती मरीजों के बीच फल, ब्रेड और दूध का वितरण किया गया है। सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि मरीजों की सेवा करना और उनकी जरूरतों का ख्याल रखना सबसे बड़ा धर्म है।इसके बाद संस्था के कार्यालय में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में सचिव विकास कुमार माली और संस्था के अन्य सदस्यों के द्वारा 101 यूनिट रक्तदान किया जाएगा। इस पहल ने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों को मदद पहुंचाने का संदेश दिया है। विकास कुमार माली ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज की सेवा करना है। उन्होंने बताया कि संस्था गरीब परिवार की बेटियों की शादी करवाने, दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ काम करती है।उन्होंने आगे कहा, ₹मैं अपने जन्मदिवस पर हमेशा समाजसेवा के कार्य करता हूं। इससे मुझे गर्व और आत्मसंतुष्टि मिलती है। अन्य लोग भी अपने जन्मदिवस और खास मौकों को समाज की सेवा के लिए समर्पित करें। इससे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिलेगी।

## चातर गांव में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

● ग्रामीणों की शिकायत पर सीओ और थानाध्यक्ष के द्वारा हुई संयुक्त कार्रवाई



लोक तंत्र की आवाज

**नरहट (नवादा)।** प्रखण्ड के चातर गांव में आनवाद बिहार सरकार की भूमि पर अवैध कबज्जा के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर चला है। सीओ मनीष कुमार, इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह और मजिस्ट्रेट श्रमपर्वतन पदाधिकारी चंदन कुमार के द्वारा की गई कार्रवाई में अतिक्रमण वाले लगभग 7 डिस्मिल अवैध कब्ब्जे वाले सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। सीओ ने बताया कि जुली देवी द्वारा मन्दिर के समीप बिहार सरकार की भूमि को अतिक्रमण कर उस जगह पर ईट से घेराबंदी कर करकट डालकर अतिक्रमण किया गया था। ग्रामीण अखिलेश सिंह, अर्जून सिंह, चांदो यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण का हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर अतिक्रमण के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया गया था। अतिक्रमण से ग्रामीण काफी नाराज थे। शिकायत के आलोक में अतिक्रमण करने वाले जुली देवी को नोटिस भेज कर अतिक्रमण हटाने के लिए बोला गया था। नोटिस की कार्रवाई के बाद भी अतिक्रमण को नही हटाने पर विशेष पुलिस बल के सहयोग से जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त की कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि अतिक्रमण करने वाली महिला अकबरपुर प्रखण्ड के सकरपुरा गांव की है और इसका कुछ रैयती जमीन भी है। उसी रैयती जमीन के आगे अतिक्रमण कर निर्माण कर रखा था जिसको पुलिस प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त करया है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से ग्रामीण खुश हैं वही अतिक्रमण करने वाले लोगों में हड़कम्प है।

## जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन प्रखण्ड कार्यालय भवन एवं अदाणी समूह का निर्माणाधीन अम्बुजा सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट का किया निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने गुरुवार को वारिसलीगंज प्रखण्ड कार्यालय पहुंच निर्माणाधीन प्रखण्ड कार्यालय भवन एवं अदाणी समूह का निर्माणाधीन अम्बुजा सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट का बाहरी निरीक्षण किया।इस दौरान डीएम नप कार्यालय पहुंचें जहां उपस्थित कनीय अभियंता अरुण कुमार से कार्यपालक पदाधिकारी के पटना मीटिंग में होने की बात सुनकर तुरंत लौट गए।इस क्रम में जिलाधिकारी ने प्रखंड कार्यालय परिसर के निर्माणाधीन भवनों के निरीक्षण बाद पुराने भवन में संचालित विभिन्न कार्यालय को बाहर से निरीक्षण किया।जबकि निर्माणधीन भवनों को शीघ्र पूरा करने का निर्देश निर्माण स्थल पर उपस्थित कार्यकारी एजेंसी के अभियंता को दिया।साथ ही करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन प्रखंड कार्यालय के अभियंता से कार्य की विस्तृत जानकारी ली।मौके पर डीएम ने प्रखंड कार्यालय भवन का निर्माण को मार्च तक हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया।तत्पश्चात एसएफसी कार्यालय,नगर परिषद कार्यालय आदि का भौतिक निरीक्षण बाद सीधे चीनी मिल की जमीन पर निर्माणाधीन अदाणी समूह का सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के निर्माण कार्यों की प्रगति को देखा।मौके पर प्रखंड विकास अधिकारी डा पंकज कुमार, अंचल अधिकारी राजेश कुमार समेत अन्य कार्यालयों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सिरदला: पूर्व पीएम डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला प्रखंड के मध्य विद्यालय महूगांय परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। बता दे कि डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन की खबर जैसे ही सोशल मीडिया पर आई तो हर जगह से उन्हें श्रद्धांजलि दी जाने लगी। राजनीतिक से ऊपर उठकर लोग कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा और अन्य पार्टियों के नेताओं के द्वारा शोक प्रकट किया जा रहा है। इसी क्रम में महुगाय के मध्य विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मध्य विद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सत्येंद्र कुमार सत्येंद्र ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से देश ने न सिर्फ एक विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री को दिया है। बल्कि एक ऐसा नेता को दिया है, जिसकी विद्धता और गरिमा को हमेशा याद किया जाएगा।

## पत्रकारों की लेखनी में समाज को बदलने की ताकत होती है



लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन सह कार्यशाला का आयोजन जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर अन्नराज डैम के पास किया गया है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार, प्रशासनिक अधिकारी, और मीडिया से जुड़े अन्य लोग शामिल हुए हैं। सम्मेलन का मुख्य विषय ₹सामाजिक विकास में मीडिया की भूमिका₹ रहा, जिसमें वक्ताओं ने पत्रकारिता के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई है।इस कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरकांत के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल खबरों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को दिशा देने और सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम भी है। उन्होंने पत्रकारों को उनकी जिम्मेदारियों की याद दिलाते हुए कहा कि लेखनी के माध्यम से समाज में बदलाव संभव है।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ₹पत्रकार समाज का दर्पण होता है। आज भी कई पत्रकार ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से अपना काम कर रहे हैं। हमें अपने लेखन में सच्चाई और समाज हित को प्राथमिकता देनी चाहिए।₹ उन्होंने पत्रकारों से अपील की कि वे अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाएं। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एसडीएम संजय कुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, ₹मीडिया समाज में सभी प्रकार के विकास कार्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कठिन परिस्थितियों में भी पत्रकार सच्चाई को सामने लाते हैं, जो समाज के विकास में सहायक होता है। उन्होंने अपने पत्रकारिता के दिनों को याद करते हुए कहा कि पत्रकारों की चुनौतियों को वे भलीभांति समझते हैं। उन्होंने पत्रकारों को निडर होकर अपना काम करने की प्रेरणा दी है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार कौशलेंद्र ने पत्रकारों को अधिक पढ़ाई करने और नए विषयों की जानकारी हासिल करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, ₹पढ़ाई पत्रकार को न केवल ज्ञानवान बनाती है, बल्कि उसे अपनी लेखनी में गहराई और मजबूती प्रदान करती है।₹विशिष्ट अतिथि विकास माली ने कहा, ₹पत्रकारों की लेखनी में समाज को बदलने की ताकत होती है। आपकी जिम्मेदारी केवल खबरें देना नहीं है, बल्कि समाज को सही दिशा में ले जाना भी है।₹ उन्होंने पत्रकारों को प्रोत्साहित किया कि वे समाज के विकास में अपनी भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाएं। उपस्थिति और समापन इस कार्यक्रम में संगठन के कई पदाधिकारी, सदस्य और स्थानीय पत्रकार मौजूद थे। सभी ने इस आयोजन की सराहना की और इसे पत्रकारिता के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया है। सम्मेलन का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ है।यह सम्मेलन पत्रकारिता के महत्व और इसके समाज पर प्रभाव को रेखांकित करता है। वक्ताओं ने मीडिया को एक ऐसा माध्यम बताया, जो न केवल समाज को जागरूक करता है, बल्कि उसकी दिशा भी तय करता है।

## वारिसलीगंज पुलिस ने छापेमारी में एक सौ बोतल अंग्रेजी शराब बरामद



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** जैसे-जैसे नया साल नजदिक आते जा रहा है, वैसे-वैसे शराब माफिया शराब भंडारण करने में तेजी से जुटे है, लेकिन पुलिस उनके मंसुबे पर पानी फेरने में लगी है।इस दौरान वारिसलीगंज थाना क्षेत्र स्थित कोचगांव गांव के बधार से गुरुवार को विभिन्न कंपनी के सौ बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया है।गौरतलब हो कि आने वाले दिनों में नये साल का जश्न मनाया जाना है, इसको लेकर शराब माफिया बड़े पैमाने पर शराब भंडारण करने में जुटे हैं।हालांकि, पुलिस इसको लेकर पूरी तरह से सक्रीय मोड में है और लगातार छापेमारी करने में जुटी है।वारिसलीगंज सर्किल इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष सुभाष प्रसाद व अन्य पुलिस कर्मियों के सहयोग से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया गया।पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर गांव के दक्षिण पुराना दुर्गा ईंट भट्ठा के पास रहे बघार के समीप पुआल में छिपाकर रखा गया विदेशी शराब को जब्त किया गया है।13 कार्टून में रखा 375 एमएल का रॉयल स्टेग सहित विभिन्न कंपनी के विदेशी शराब जब्त की गई है। बताया गया कि शराब तस्कर मौके से फरार हो गया है,जिसकी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।गौरतलब हो कि सप्ताह दिन पहले भी नगर परिषद के उत्तर बाजार से पुलिस ने भारी मात्रा में शराब बरामद किया था।

## संक्षिप्त खबरें ।

### भक्त की विरह वेदना से प्रकट होते भगवान

घनश्याम तिवारी

**सिकन्दरपुर /बलिया।** चारुशिला मन्दिर अयोध्या से राजसूय महायज्ञ में पधारे श्री रामा– – नुजाचार्य सम्प्रदाय के जगद्गुरु श्री वल्लभाचार्य जी महाराज ने कहा कि नागेश्वर महादेव अयोध्या में भी है और वहाँ भी। यज्ञ से प्रजा सृष्टि और पालन भी होता है। महाराज दशरथ ने भी यज्ञ किया था, फलतः अयोध्या में परब्रह्म परमात्माका प्राकट्य हुआ। सन्त–सद्गुरु के माध्यम से मानव– जीवन के सारे क्लेश समाप्त हो जाते हैं। दशरथ जी को पुत्राभाव का क्लेश था किन्तु गुरु कृपा से उनके चार पुत्र हुए। जगत के कल्याण के लिए सन्त को जितनी चिन्ता है, उतनी चिन्ता अन्य किसी को नहीं–गाधितनयम प्रमनचिन्ता व्यापी कहा कि परमात्मा को आज्ञादेने की सामर्थ्य किसी में नहीं, उन्हें सिर्फ सन्त–महात्मा ही आज्ञा दे सकते हैं। बड़बड़े राजा भी धनुष न उग सके तब उन्हें एक सन्त ही आदेश देते हैं– 'उग्हु राम भजह भव चापा, मेटह तात जनक परितापाः। जब किसी जीव का उध्दार करना होगा तब सन्त ही भगवान को ओदेश देंगे। राम ने पूछा यह शिला कैसी है तो विश्वामित्र सविस्तार बताय गौतम नारि शाप वश, उपल देह धार धीर । चरण कमल रज चाहती, कृपा करह रघुवीर ॥ अहिल्या के उध्दार हेतु गुरु ने आदेश दिया। गुरुमें गुरुता होती है। गुरु वहीं, जो परमात्मा से भारी है। गुरु वशिष्ठ आशीष देते हैं कि राजन दशरथ ! तुम्हारे घर चार पुत्र आयेंगे और वही हुआ। आहुति में कौन सी वस्तु डाली जाय कि प्रभु शीघ्र प्रकट हो? वक्ताने समाधान किया कि आहुति में भक्ति का बीजारोपण हो तो प्रभु शीघ्रातिशीघ्र प्रकट होंगे – भगति सहित मुनि आहुति दीन्हें किन्तु मुनि वह है जो ब्रह्मचिन्तन में निरन्तर निमग्न रहे। माँ को भावी शिशु के चिन्तन में नौ माह बीतते हैं वैसे ही भक्त को वेदना होती है तो भगवान प्रकट होते हैं। सन्त–भगवन्त जिस घरजाते है वह घर नहीं बल्कि मन्दिर बन जाता है। प्रभुकृपा से सत्संग और सत्संग से विवेक होता है किन्तु सत्संग दुर्लभ है– महत्संगस्तु दुर्लभो अगम्यो अमोघश्च । सरयू तटवर्ती सभी गाँव–नगर अयोध्या हैं। रामजी अयोध्या का परिचय देते हैं– "अवधधाम मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिसि सरयू बह पावनि ॥" 'सरयू स्नान का फल बताते हैं– मम समीप नर पावहिँ कसा। भगवान को नौमी तिथि प्यारी है, वे चैत्र शुक्ल नौमी को मध्याह्न काल अवतार लिए। किलकारी भरते घुटनों के बल चलते सुन्दर श्याम वर्ण विशिष्ट बालक राम के चुम्बने योग्य कोमल कपोल तथा कुश्चित केश किसका मन नहीं मोह लेते! अयोध्या से ही यास्थल इहाँ पधारे श्री अजीत जी महाराज ने कहा कि जहाँ सरयू जी हो वहीं अयोध्या है। रामकथा सुनी नहीं जाती, गायी जाती है–यह चरित जै गावहिं हरि पद पावहि। उन्हों ने बागी बालिया और भारत की महिमा गाते हुए कहा कि सच्चा प्रेम शैतान को इन्सान बना देता है।

### विद्यालय का वार्षिकोत्सव मनाया गया

घनश्याम तिवारी



**सुखपुरा /बलिया।** कस्बा स्थित गुड समेरीटन इंग्लिश स्कूल मे गुरुवार को वार्षिक उत्सव में एक से बढ़कर एक कार्यक्रम नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रदर्शित कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि बी एन उपाध्याय एस डी एम जौनपुर ने वार्षिक उत्सव का शुभारंभ किया इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य, लोकगीत, प्रहसन, कौव्वाली, कैसेड डांस, सामूहिक नृत्य, नाटक, नारी शक्ति, जैसे एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया।बच्चों द्वारा लगाये गए विज्ञान प्रदर्शनी का भी मुख्य अतिथि ने अवलोकन कर बच्चों के परिश्रम को सराहा। इस मौके पर मुख्य अतिथि बी एन उपाध्याय ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग जो मन में आज थन लगे वही आगे चलकर उसे मुकाम पर पहुंच पाएगा इसलिए लगन से और ऊंची उड़ान को देखते हुए अपने मन में यह सोच लीजिए कि हमको क्या बना है लक्ष्य को आगे रखकर ही आगे बढ़ा जा सकता है ।विद्यालय के प्रबंधक संजय मिश्रा ने मुख्य अतिथि सहित आगंतुकों का अंग वास्तव से सम्मानित किया इस मौके पर श्याम बहादुर सिंह ओम प्रकाश उपाध्याय पीके ओझा सियाराम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन सागर ने व आभार प्रधानाचार्य उदय भान सिंह ने किया।

### डीएम ने सड़क निर्माण को लेकर किसानों संग की बैठक

घनश्याम तिवारी



**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में किसानों के साथ विक्रय दर निर्धारण समिति की बैठक हुई। इसमें शिवपुर दियर नम्बरी से प्रानपुर होते हुए बिहार बॉर्डर तक सड़क निर्माण के लिए ग्राम–शिवपुर दियर नम्बरी, शिवपुर दियर गंगबरार सुमाली तथा प्रानपुर के किसान रहे। बैठक में अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे व प्रभारी नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार गुप्ता एवं अधिशासी अभियंता केशरी प्रकाश आदि रहे।

# बिजनौर में नाबालिग बच्चों के द्वारा ड्राइविंग करने पर उनका चालान करना करें सुनिश्चित : जिलाधिकारी

**अधिशासी अभियंता लोनिवि के विरुद्ध चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए**



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**बिजनौर।** डीएम अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि के बिना अनुमति के अनुपस्थित गाने एवं सही प्रकार से सूची उपलब्ध न कराने पर नाराजगी व्यक्त की साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि के विरुद्ध चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लेक स्पॉट सहित सभी एक्सीडेंटल स्थानों पर एक्सीडेंट रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रयास और उपाय किए जाएं और साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जांच करें कि किन कारणों से एक्सीडेंट हो रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जहां-जहां दुघर्टनायें हो सही है उन्हें चिन्हित कर उनमें तत्काल सुधार की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि ट्रक एवं अन्य लोडिंग वाहन जो अनावश्यक रूप से रोड के किनारे पर ख? होते हैं जो यातायात को प्रभावित करते हैं उनका चालान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरस्नीटिंग पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें तथा कैसे ओवर स्पीड को कम कर सकते हैं इस पर विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित जगहों पर टेबिल टाप रोड ब्रेकर बनवाना सुनिक्षित करें ताकि कम से कम दुर्घटना की सम्भावना रहे। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा दूधविंग करने पर उनका चालान करना सुनिश्चित करें तथा उनके अभिभावकों को भी निर्देशित करें कि इसकी पुनरावृत्ति न होने पाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है, जिसके पेहेनजर आवश्यक है कि सक सुरक्षा को पूर्ण मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाया जाए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव बाजपेयी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

# बिजनौर जिलाधिकारी ने कसे अधिकारियों के पेंच



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**बिजनौर।** जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोनिवि के बिना अनुमति के अनुपस्थित रहने एवं सही प्रकार से सूची उपलब्ध न कराने पर नाराजगी व्यक्त की साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि के विरूद्ध चेतावनी जारी करने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहरी संजीव बाजपेयी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लेक स्पॉट सहित सभी एक्सीडेंटल स्थानों पर एक्सीडेंट रोकने के लिए सभी आवश्यक प्रयास और उपाय किए जाएं और साथ ही यह भी निर्देश दिए कि जांच करें कि किन कारणों से एक्सीडेंट हो रहे हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिये कि जहां जहां दुघर्टनायें हो रही है उन्हें चिन्हित कर उनमें तत्काल सुधार की कार्यवाही करना सुनिशिचा करें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि ट्रक एवं अन्य लोडिंग वाहन जो अनावश्यक रूप से रोड के किनारे पर खड़े होते हैं, जो यातायात को प्रभावित करते हैं उनका चालान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ओवरस्पीडिंग पर विशेष ध्यान देना सुनिश्चित करें तथा कैसे ओवर स्पीड को कम कर सकते हैं इस पर विचार करते हुए आवश्यक कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में विशेष ध्यान देते हुए सड़क के दोनों ओर प्राथमिकता पर सुरक्षात्मक चिन्ह एवं रिफिलेक्टर लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित जगहों पर टेबिल टाप रोड ब्रेकर बनवाना सुनिश्चित करें ताकि कम से कम दुर्घटना की सम्भावना रहे। उन्होंने पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों द्वारा ड्राइविंग करने पर उनका चालान करना सुनिश्चित करें तथा उनके अभिभावकों को भी निर्देशित करें कि इसकी पुनरावृत्ति न होने पाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की जिंदगी से जुड़ी हुई है, जिसके पेशेनजर आवश्यक है।

## उत्तराखंड परमजीत कौर बने जनाधिकार मोर्चा के रानीपुर विधानसभा अध्यक्ष



लोकतंत्र कीआवाज

रिपोर्ट नीलम सिंह

**हरिद्वार।** जनाधिकार मोर्चा की बैठक ज्वालापुर के मोहल्ला मेहतान में हुई। इसकी अध्यक्षता जनाधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आजाद अली ने की। महासचिव हेमा भंडारी ने मोर्चा का विस्तार कर संजय मेहता को रानीपुर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष, परमजीत कौर को महिला मोर्चा की ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष मनोनीत किया। सुहेल अकरम को मीडिया प्रभारी रुड़की जोन की जिम्मेदारी दी गई। आजाद अली ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि मोर्चा समाज में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा अपनी आवाज बुलंद करेगा। बैठक में प्रदेश सचिव बालेश सिंह, कुर्बान अली, संजू नारंग, नवीन मरिया, अनुज शर्मा, कपिल मेहता, जितेंद्र पाण्डेय, इम्तियाज अहमद आदि मौजूद रहे।

## 25 हजार के ईनामी सहित 2 गौ तस्कर पुलिस मुठभेड़ में घायल

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस, आदर्श मंडी एवं एसओजी टीम ने गौकशी घटना में शामिल 25 हजार के ईनामी एक गौतस्कर सहित दो गौतस्करों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गौतस्करों के कब्जे से दो तमंचे व एक बाइक भी बरामद की है। गौकशी के मामले में पुलिस सात गौतस्करों को पूर्व जेल भेज चुकी है। में ही जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को क्षेत्र के गांव झाल के जंगल में प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने अवशेषों को दफ्नाने के साथ ही इस संबंध में गौतस्करों के खिलाफमुकदमा करते हुए सात आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि अन्य फ्रार चल रहे थे। एसपी ने भी आरोपितों की धरपकड के लिए कोतवाली पुलिस, आदर्श मंडी एवं एसओजी टीम को निर्देश दिए थे। बुधवार की देर रात कोतवाली पुलिस, आदर्श मंडी एवं एसओजी टीम को सूचना मिली कि गौकशी के मामले में वांछित 125 हजार के एक आरोपित सहित दो गौतस्कर मेरठ रोड सिम्भाल का फ्लाईओवर से बलवा जाने वाले मार्ग पर मौजूद हैं, सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची जहां गौतस्करों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की जिसमें दो गौतस्कर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को दबोच लिया। पुलिस ने गौतस्करों के कब्जे से दो तमंचे व एक बाइक भी बरामद की है। एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि पूछताछ में गौतस्करों ने अपने नाम महबूब पुत्र युनुस निवासी मौहल्ला सद्दीकनगर भूमिया पुल थाना लिसाढी गेट जनपद मेरठ व सनव्वर पुत्र छुन्नू निवासी मौहल्ला श्यामनगर थाना लिसाढीगेट जनपद मेरठ बताए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस घटना में शामिल सात आरोपितों नसीम, इरशाद, साहिल, सौरभ, शमीम, जुनैद व आसिफको पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपितों के खिलाफकार्रवाई की जा रही है। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री, आदर्श मंडी थाना प्रभारी सचिन शर्मा, एसओजी टीम के राहुल सिसौदिया भी मौजूद रहे। एसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रुपये का ईनाम देने की भी घोषणा की है।



**सिम्भालका फ्लाईओवर के निकट पुलिस से हुई गौतस्करों की मुठभेड 27 जुलाई को झाल गांव में मिले प्रतिबंधित पशु के अवशेष के मामले में वांछित था 25 हजार का ईनामी पुलिस ने दो तमंचे, एक बिना नंबर की बाइक भी की बरामद**

# बिजनौर में अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने नजीबाबाद थाने में विवेचकों के साथ गोष्ठी की

लोकतंत्र कीआवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह



अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजीव कुमार बाजपेई ने नजीबाबाद थाने पहुंचकर समस्त विवेचकों के साथ गोष्ठी की। लंबित विवेचना / अपराध रजिस्टर व अन्य रजिस्टरों को चेक किया तथा सर्व संबंधित का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं को जल्द पूरा कर चार्जशीट लगाने का थाना प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिए। इसके बाद एसपी सिटी ने सिलसिलेवार आईपीसी व बीएनएस के अपराध, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति से संबंधी अपराध व निरोधात्मक कार्यवाही की समीक्षा किया। आपराधिक वारदातों के खुलासा के लिए अभियोग की जानकारी ली। लंबित विवेचना के निरीक्षण के दौरान पुलिस को निर्देशित करते एसपी सिटी। निस्तारण पर जोर देते हुए एसपी सिटी ने वांछित अभियुक्तों के अलावा पुरस्कार घोषित अपराधियों व वारंटियों की गिरफ्तारी का निर्देश देते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण के लिए शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई को कहा। गुमशुदा बच्चों की सूची को देख एसपी सिटी ने कहा कि जिन बच्चों की अभी तक बरामदगी नहीं हो पाई है उनका पता लगाकर अग्रिम कार्रवाई करें। इसके अलावा गैंगेस्टर अधिनियम में हुई कार्रवाई का भी ब्यौरा देखा। सभी थाना क्षेत्रों में संवेदनशील व भीड़भाड़ वाले जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह, एसआई कय्यूम अली, एसआई सौरभ कुमार, एसआई नितेंद्र आदि उपस्थित रहे।

# बलिया : वीर बालक दिवस पर गोष्ठी का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

**बलिया** । जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय के भोजपुरी भवन मे कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता के संरक्षण व कुलसचिव एसङ्क एलङ्क पाल के सानिध्य मे और राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ लाल विजय सिंह के नेतृत्व मे वीर बालक दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ छबिलाल ने कहा कि समाज के प्रति जागरूकता और देशभक्ति की भावना को प्रकट किया गया,और वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि वीर बाल दिवस हर वर्ष 26 दिसंबर को मनाया जाता है। यह दिन सिख धर्म के महान बलिदानों की याद में मनाया जाता है, विशेष रूप से गुरु गोबिंद सिंह जी के चार पुत्रों के बलिदान को समर्पित है। उनके चार साहिबजादों ने धर्म और मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। गुरु गोबिंद सिंह के दो छोटे पुत्र, साहिबजादा जोरावर सिंह (9 वर्ष) और साहिबजादा फतेह सिंह (6 वर्ष), को मुगलों ने जीवित दीवार में चुनवा दिया था क्योंकि उन्होंने इस्लाम धर्म स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। उनके बलिदान ने सिख धर्म और मानवता के इतिहास में साहस और निष्ठा की अमिट छाप छोड़ी। गुरु गोबिंद सिंह जी के दो बड़े पुत्र, साहिबजादा अजीत सिंह (18 वर्ष) और साहिबजादा जुझार सिंह (14 वर्ष), ने चमकौर की लड़ाई में वीरता से युद्ध करते हुए अपने प्राण त्याग दिए। वीर बाल दिवस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को साहिबजादों के अदम्य साहस, बलिदान और धर्मनिष्ठा से प्रेरणा देना है। यह दिन हमें धर्म, सत्य और न्याय के लिए समर्पण की शिक्षा देता है। वीर बाल दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं है, बल्कि यह हमारे बच्चों और युवाओं को अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाने और साहस एवं सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने का अवसर है।इस अवसर पर डॉ दिलीप मद्धेशिया, डॉ संगीता मद्धेशिया, डॉ विनीत शाही, मि.कुलदीप कुमार,मि. हर्ष त्रिपाठी, शशि प्रकाश, पंकज कुमार गौतम आदि प्राध्यापकगण और छात्र उपस्थित रहे।




# नगीना : उपजिला अधिकारी मांगेराम चौहान ने तालाबों को अवैध कब्जा मुक्त कराने के दिए आदेश

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट मुकेश सिंह

**नगीना।** उप जिलाधिकारी मांगेराम चौहान ने नगीना तहसील क्षेत्रांतर्गत नगर क्षेत्र के 16 सहित ग्रामीण क्षेत्रों के तालाबों की मौके पर जाकर जांच पड़ताल के बाद अवैध रूप से कब्जाई तालाबों की भूमि को कब्जामुक्त कराने के आदेश दिए। मंगलवार की दोपहर अपने कार्यालय में एसडीएम मांगेराम चौहान ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि एक समाजसेवी आबिद बेग की शिकायत पर जिलाधिकारी बिजनौर के आदेश पर नगर के तालाबों की जांच पड़ताल मौके पर जाकर की गई। जिसमें नगर क्षेत्र के जगजीवनपुर हट्टी, तकीपुर तुलसी, नूरसराय, निजाम सराय, कस्बा नगीना, चतर भोजपुर, कुशाल. पुर सादिक, औरंगजेबपुर मोहन, मौहम्मद हुसैनपुर पृथ्वी, औरंगजेबपुर लाल, मौहल्ला शाहलीपुर रामचंद्र, रसीदपुर सतीदास, मीरापुर चकरागर, औरंगजेबपुर हरदास, अशरफपुर राधो, कस्बा वाजिया फत, कस्बा कोटरा आदि चक सभी 16 तालाबों की भूमि की जांच क्षेत्रफल की नपाई कराकर की। उन्होंने कहा कि तालाबों की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे हटवाकर तालाबों की भूमि को कब्जा मुक्त कराने का कार्य शीघ्र किया जाएगा। इस मुहिम पर कार्य करने की योजना को अंतिम रुप दिया जा रहा है। एसडीएम मांगेराम सिंह चौहान ने बताया कि जिन लोगों ने तालाबों की भूमि पर अवैध कब्जे कर आवास बना लिए हैं। उनके विरुद्ध कार्रवाई करने व तालाबों पर अवैध कब्जा कर आवास बनाकर रहने वाले गरीब लोगों की वैकल्पिक व्यवस्था पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि तालाबों की भूमि पर से अवैध कब्जे हटवाकर कब्जा मुक्त करवाया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि अधिकांश तालाबों पर लोगों ने अवैध रूप से अतिक्रमण किया हुआ है। उन्होंने बताया कि शासन के स्पष्ट आदेश है कि जो नगर पालिका, नगर पंचायत, ग्राम समाज, चारागाह एवं सरकारी आरसी पर बने तालाबों को पाटकर व मकान बनाकर रह रहे हैं। उनसे तालाबों को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। चाहे कब्जाधारी चाहे कितना ही प्रभावशाली क्यों न हो। उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति वास्तव में भूमिहीन है और वह व्यक्ति मकान बनाकर रह रहा है। उसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत दूसरी जगह शिफ्ट किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि तालाबों पर अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोग स्वयं ही कब्जा हटाकर न्यायालय और शासन के आदेश का पालन करते हुए होने वाली कार्रवाई से बचे वरना तालाबों की आराजी को कब्जा मुक्त कर कब्जाधारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## हिमाचल में नेशनल हाईवे पर 1 फुट बर्फः जम्मू में तालाब जमा, बच्चों ने इसी पर क्रिकेट खेला

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह

उत्तराखंड में भी बर्फ जमने लगी है बताया जा रहा है की मध्य प्रदेश जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण कई सड़कें बंद हैं। हिमाचल में 2 हाइवे समेत 24 सड़कों पर लगातार तीसरे दिन बसों की आवा जाही बंद है। नेशनल हाइवे 305 पर भी करीब 1 फुट बर्फ है। प्रशासन बर्फ हटाने की कोशिश में जुटा हुआ है।उत्तराखंड में भी जोशीमठ और पिथौरागढ़ में बर्फबारी के कारण नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे बंद है। देहरादून में भी त्यूनी-चक्रता-मसूरी नेशनल हाईवे के 30 किलोमीटर स्ट्रेच का हाईवे बर्फबारी के कारण बंद है। मौसम विभाग ने कहा है कि यहां अगले 2-3 दिन बर्फबारी का दौर जारी रहेगा। दिल्ली में शुक्रवार सुबह तेज बारिश हुई। इसके अलावा मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत 8 राज्यों में आंधी-बारिश और ओले गिरने का अलर्ट है। यहां 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल सकती हैं। इससे इन राज्यों के तापमान में भी गिरावट होगी। उधर, जम्मू-कश्मीर में पड़ रही कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के चलते तापमान शून्य से कई डिग्री नीचे चल रहा है। इसका एक नजारा जम्मू के सोपोर में दिखाई दिया। हरितारा इलाके में बना एक तालाब पूरी तरह जम गया। बच्चों ने इस जमे हुए तालाब पर ही क्रिकेट खेला।



## संक्षिप्त खबरें ।

### आर्थिक सुधारों के महानायक पूर्व प्रधानमंत्री हुए युगांत मौन



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। देश के आर्थिक सुधारों के महानायक पूर्व प्रधानमंत्री डा० मनमोहन सिंह गुरूवार को 26 दिस० 2024 को रात्री 8.06 बजे दिल्ली में अंतिम सांस ली । डा० सिंह 2004 में देश के 13 वें प्रधानमंत्री दो टर्म तक इस पद पर रहे वे देश के पहले सिंख और चौथे सबसे लंबे समय प्रधानमंत्री रहे उन्होंने शिक्षक से प्रधानमंत्री का सफर तय किया 1991 में वित्त मंत्री के तौर पर आर्थिक क्रांति से देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया सादगी सौम्यता और इमानदार आर्थिक मामलो में उनकी अटल सोच का मुकाबला नहीं था उनकी निधन की खबर पाकर देश वासियों के बीच शोक की लहर दौर गयी केंद्र सरकार ने सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया श्री सद्गुरू साईंनाथ सेवा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष शुभम यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री को याद करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त किया व कहा की जीवन का अंतिम सत्य है मृत्यु देशहित के लिए उनके योगदान अभूतपूर्व व अविश्वमरणीय है उन्होंने वैश्वीकरण और उदारीकरण, सुचना का अधिकार ,रोजगार गंराटी योजना, न्यूक्लियर डील पहचान के लिए आधार कार्ड, शिक्षा का अधिकार सहित अन्य अद्भूत प्रेरक कार्य में महत्वपूर्ण योगदान दियो ।

### मोरवा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सहनी तो उत्तरी मंडल अध्यक्ष उदय कुमार चौधरी हुए मनोनीत

लोकतंत्र की आबाज

समस्तिपुर। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के मरिचा पंचायत निवासी उदय कुमार चौधरी को मोरवा दक्षिणी मंडल का मंडल अध्यक्ष एवं सोंगर पंचायत के निवासी प्रमोद कुमार सहनी को मोरवा उत्तरी मंडल का मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा मनोनीत करने के बाद पार्टी की मजबूती प्रदान करने की कामना की है। नए मंडल अध्यक्ष के बनने पर श्री चौधरी एवं सहनी को भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ललिता सिंह, उपेन्द्र कुशवाहा, राम सुमिरन सिंह, नरेंद्र चौधरी, मनोज कुमार शर्मा, मनोरंजन मोदीन, राम याद शांडिल्य आदि ने हर्ष प्रकट करते हुए बधाई दी है।

### बिजली चोरी मामले में प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आबाज

समस्तीपुर। जिले के वारिसनगर प्रखंड के तहत मथुरापुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में अवैध तरीका से बिजली चोरी कर रहे एक उपभोक्ता पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस संबंध में जेई अविनाश कुमार सिंह ने मथुरापुर थाना में गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज कराया है, जिसमें गोविंदपुर निवासी सिया शरण सहनी को इस मामले में आरोपित किया है। वह अपने घर में अवैध तरीका से टोका फंसाकर बिजली चोरी कर रहे थे, जिसमें बिजली विभाग को 12 हजार 746 रुपये की राजस्व की नुकसान हुआ है। साथ ही उक्त जगह से तार आदि समाग्री भी जप्त की गई है।

### बलिया की टीम ने 13 रनों से भागलपुर टीम को हराया, आज का मैच गोपालपुर और बिहपुर के बीच



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम

बिहपुर। प्रखंड मैदान पर चल रहे वाईसीसी टेनिस क्रिकेट चैलेंजर ट्रॉफी का तीसरा लीग मुकाबला शांति निकेतन बलिया वर्सेस जिला 11 भागलपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर भागलपुर ने शांतिनिकेतन बलिया को पहले बल्लेबाजी करने का निमंत्रण दिया। शांति निकेतन बलिया ने 202 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। शांतिनिकेतन के तरफ से रॉबिन ने 70 रन व सुमन ने 34 रन का योगदान दिया। भागलपुर के तरफ से किट्टू ने तीन विकेट राजा राय ने दो विकेट अपने नाम किया ।वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए जिला 11 भागलपुर की टीम 190 रन ही बना सकी और 13 रन से या मुकाबला हार गई ।भागलपुर के तरफ से प्रीतम ने 65 रन राजा राय ने 31 रन बनाया। बलिया के तरफ से पहचान ने तीन विकेट सोनू और मनीष ने दो-दो विकेट लिया । अंपायर की भूमिका में लालमोहन और प्रशांत कुमार उर्फ डिंपल कर रहे थे। कमेंटेटर के रूप में अंशु घनश्याम , स्कोर के रूप में प्रहलाद मौजूद थे। कल का मुकाबला बिहपुर और गोपालपुर के बीच खेला जाएगा ।आयोजन के रूप में रवि कुमार , अनुज , मिलन सिन्हा, रोशन अन्य खिलाड़ियों की भागीदारी देखने को मिली।

# 2024 में राष्ट्रीय फलक पर छाया रहा नवगछिया टीम का खिलाड़ी

लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**



**बिहपुर।** बिहार राज्य संघ के प्रवक्ता सह नवगछिया पुलिस जिला बाल बैडमिंटन संघ के सचिव ज्ञानदेव कुमार। जो खिलाड़ियों के प्रतिभा को जिला से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक निखारने में दिनरात लगे रहने के कारण खेलगुरू के नाम से भी जाने जाते हैं। ज्ञानदेव के दिशा निर्देश, लगन व मेहनत की बदौलत नवगछिया पुलिस जिला बाल बैडमिंटन संघ ने 2024 में कई उपलब्धियां हासिल की। संघ के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए कई खिताब अपने नाम कर भागलपुर, नवगछिया पुलिस जिला का नाम रौशन किया।

उपलब्धियों के कुछ अंश इस प्रकार है (2).6 से 10 जनवरी तक महाराष्ट्र में आयोजित 69 वीं राष्ट्रीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने वाला राहुल कुमार, अंकित कुमार शर्मा, साक्षी कुमारी।(3). 10 से 14 मार्च तक पटना में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अजीत कुमार, आशीष उर्फ सन्नी कुमार, साक्षी कुमारी।

इसी प्रतियोगिता के डबल्स में बिहार को तीसरा स्थान दिलाया था आशीष कुमार ने। (4).31 मई से 3 जून तक जीपीआर यूनिवर्सिटी चेन्नई में आयोजित ऑल इंडिया इंटर युनिवर्सिटी बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में नवगछिया बिहपुर के घनश्याम कुमार, मो सैफ अली, अभिषेक कुमार, सूरज कुमार, पुष्कर, प्रणव कुमार। (5). 5 सितंबर को पटना में बिहार सरकार के द्वारा आशीष कुमार को 40000 हजार प्रोत्साहन राशि दिया गया। (6)16 से 20 अक्टूबर तक मुजफ्फरपुर में आयोजित 31वीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में उपविजेता रही। (7).15 से 17 दिसम्बर तक मधेपुरा में आयोजित 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में विजेता बना।

महिला को मिला तीसरा स्थानः (8).26 से 29 दिसम्बर तक (महाराष्ट्र) में आयोजित 70 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता बिहार महिला बिहार टीम में नवगछिया अभिलाषा कुमारी ने बिहार टीम में (9).6 से 8 दिसम्बर तक कर्नाटका में आयोजित 5 वीं फेडरेशन कप बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में नेहा शर्मा ने बिहार टीम का प्रतिनिधित्व किया।

(10) 2012 से 2024 तक दो खिलाड़ी अंतरास्ट्रीय खेला राहुल कुमार, अंकित कुमार शर्मा। राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाले खिलाड़ी राजा कुमार, राकेश कुमार, कुमार शुभम, अरशदुल कादरी, नवीन कुमार, अमित कुमार राजीव कुमार, अमन कुमार, विद्यासागर कुमार, मुकुल कुमार, सूरज कुमार, गुलशन कुमार, पुष्कर कुमार, दिनकर कुमार, आशीष कुमार, सन्नी कुमार, बिट्टू कुमार, अजीत कुमार, प्रणव कुमार, मो राशिद, बबलू मोदी, रमन पंडित, रवि राहुल कुमार, सोनम कुमारी, अंजली कुमारी, नीतू कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रज्ञा भारती, अभिलाषा कुमारी, नेहा शर्मा, सोनाली मिश्रा, नंदनी कुमारी आदि शामिल है।

## भाजपा नेता के नाम का गलत उपयोग कर फर्जी आवेदन देकर अपराधियों से हत्या कराने की साजिश रचने को मामले में प्राथमिकी दर्ज

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** भागलपुर जिले के बिहपुर प्रखंड अंतर्गत झंडापुर पश्चिम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि व भाजपा के वरिष्ठ नेता पवन चौधरी पिता स्व वशिष्ठ नारायण चौधरी ने झंडापुर थाना में आवेदन देकर कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा उनके नाम का गलत उपयोग कर जहां तहां फर्जी आवेदन देकर अपराधियों से हत्या कराने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए। मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि झंड़ापुर थाना क्षेत्र के हरियो निवासी सरपंच राजकिशोर राजपाल और शंभु यादव फर्जी आवेदन को शोशल साइट पर वायरल कर रहे है। लिखा है कि हमें गुप्त रूप से पता चला कि इसके पिछे कुछ असामाजिक तत्व के लोग हरियो एवं नवटोलिया झंडापुर का भी शामिल है।

09 दिसंबर 2024 को सभी ने साजिश के तहत एक फर्जी आवेदन बनाकर कई उच्च अधिकारियों के नाम भेज दिया। साजिशकर्त्ताओ ने 11 दिसंबर 2024 को शंभु यादव के मोबाईल पर यह दरखास्त भेजा गया था, शंभु यादव ने 23 दिसंबर 2024 को वह आवेदन पवन चौधरी के मोबाइल पर भेज दिया जिसके बाद वे झंडापुर थाना केस दर्ज कराने पहुंचे। लिखा है कि शंभु यादव को जब फोन किया तो वह कुछ बताने के लिए तैयार नहीं हुआ, वह बोल रहा है कि आवेदन मेरे पास है लेकिन कहाँ से आया उसका मोबाईल नंबर डिलीट हो गया। हम इस आवेदन का जब अपने स्तर से छान-बीन करने लगे तो उपर दिये नाम के बारे में पता चला। मुझे यह पूर्ण विश्वास है कि क्षेत्र के असमाजिक तत्व योजना बनाकर मेरी हत्या कर क्षेत्र में अशांति फैलाना चाहते हैं, मैं अपने क्षेत्र के किसानों का कोशी दियारा में कृषि योग्य भूमि है जिसपर दियारा में सक्रिय फसल को लुटपाट एवं भुमि को अवैध तरीके से अपने कब्जे में लेने के लिए कुछ गिरोह शामिल है उन गिरोह के सरगना की नजर हम पर है। वह अपना रूकावट हमे मानता है और हमारी हत्या का बार-बार साजिश करता है। शंभु यादव एवं सरपंच राजकिशोर राजपाल से मोबाईल पर हुई बात बातचीत का ऑडियो सुरक्षित है।

जबकि शंभु यादव के मोबाईल पर भेजने वाला हरियो का सरपंच राजकिशोर राजपाल का नाम था, उसी वक्त राजकिशोर राजपाल ने मेरे मोबाईल पर फोन किया मेरे पुछने पर वह झूठ बोलने लगा। उन्होंने दोषियों पर उचित कानूनी कारवाई करते हुए मेरे व परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाया है। झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पेप्सीबोतल मे शराब के साथ गिरफ्तार भेजा जेल




**लोकतंत्र की आबाज**
**दिलीपकुमार ठाकुर**

**वारिसनगर/समस्तीपुर।** थाना कांड संख्या 311/24 मे धारा 30( ए ) बिहार मधनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के प्राथमिक अभियुक्त प्रमोद पासवान पिता विषुणी पासवान ग्राम रघुनाथपुर वार्ड 2 थाना वारिसनगर जिला समस्तीपुर को, एक पेप्सी के बोतल में 2 लीटर देसी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया, क़्री पुस्टि थानाध्यक्ष निरंजन कुमार ने क़्री है।

# भाजपा-जदयू के नीतीश सरकार की हरेक योजना भ्रष्टाचार के आगोश में : धीरेन्द्र झा

लोकतंत्र की आबाज



**कल्याणपुर/समस्तिपूर।** शाखा सचिव, पंचायत सचिव एवं प्रखंड कमिटी सदस्यों का कल्याणपुर विधानसभा स्तरीय कन्वेंशन शुक्रवार को प्रखंड के पैक्स भवन के प्रांगण में संपन्न हुआ। अध्यक्षता कल्याणपुर के भाकपा-माले प्रखंड सचिव दिनेश कुमार व संचालन पूसा माले प्रखंड सचिव अमित कुमार ने किया। इसमें बतौर पर्यवेक्षक भाकपा-माले जिला सचिव प्रो.उमेश कुमार, अतिथि राज्य स्थायी समिति सदस्य कॉमरेड बैद्यनाथ यादव एवं मुख्य वक्ता के रूप में भाकपा-माले के पोलित ब्यूरो सदस्य सह मिथिलांचल प्रभारी धीरेन्द्र झा उपस्थित थे।

कन्वेंशन की शुरूआत में दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कन्वेंशन में 9 मार्च 2025 को पटना में 'बदलो बिहार महाजुटान' रैली में बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने, आगामी विधानसभा चुनाव की शाखा स्तर पर तैयारी, संगठन मजबूती आदि पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कन्वेंशन में नेतृत्वकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए धीरेन्द्र झा ने कहा कि भाजपा-जदयू के नीतीश सरकार की हरेक योजना भ्रष्टाचार के आगोश में है। अब बिहार में कर्ज एवं भूख से आत्महत्या होने लगी है। यह विकास की झूठा ढ़ोल पीटने वाली सुशासन सरकार के मुंह पर करारा तमाचा है।बैद्यनाथ यादव ने कहा कि गरीबों के लिए स्मार्ट मीटर घातक है।

ये खूनचूसक मीटर गरीबों को कर्ज में डूबो देगी। मौके पर भाकपा-माले जिला कमिटी सदस्य रंजीत राम, सुखलाल यादव, महेश कुमार, रविन्द्र सिंह, सुरेश कुमार, दिनेश राय, जितेन्द्र राय, अखिलेश सिंह, सुनिता देवी, उमेश सिंह, भाग्यनारायण राय, अजय कुमार, राजू पासवान, मो. दुलारे, मनोहर राय, बौएलाल साह, संजीत राम, सुनिता देवी, प्रमिला देवी, रामसखी देवी आदि मौजूद थे।

## समस्तीपुर: अवैध संबध की शक होने पर पति ने गोली मार कर दी शिक्षिका पत्नी की हत्या

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तिपुर।** दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के अजनौल पंचायत में बीपीएससी शिक्षिका मनीषा कुमारी की हुई गोली मारकर हत्या मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर लिया है। शिक्षिका की हत्या उसके पति अवनीश कुमार ने गोली मारकर कर दिया। पूरे घटना को माता पिता के साथ मिलकर जमीनी विवाद का रूप देने का भरपूर कोशिश किया गया। शिक्षिका का अवैध संबध होने के शक होने पर पति अवनीश ने ही गोली मार कर हत्या कर दिया।

इस हत्याकांड में पुलिस ने मृतका के पति के अलावे सास सुनैना देवी, हथियार एजेंट बेगूसराय जिला के मंसूरचक थाना क्षेत्र के गोविंदपुर निवासी गणेश महतो के पुत्र ललन कुमार, हथियार के आपूर्तिकर्ता दलसिंहसराय थाना क्षेत्र के पगड़ा निवासी राजन कुमार के पुत्र हर्षित राज को गिरफ्तार कर लिया है। डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने दलसिंहसराय थाना पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि हत्या की घटना के बाद घटना स्थल में निरीक्षण और ससुराल वालों से लिए गए बयान में भिन्नता होने के बाद पुलिस ने जमीनी विवाद के साथ दूसरे एंगल पर अनुसंधान शुरू किया। इस दौरान शिक्षिका के पिता राजकुमार साह आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए शिक्षिका के पति और ससुर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अवनीश ने अपनी संलिप्त स्वीकार कर लिया। अवनीश के निशानदेही पर ही उसी के घर के छज्जे पर मोजा के साथ बोरे में छुपा कर रखी गई देशी पिस्टल, दो मैगजीन के साथ, चार गोली को बरामद किया। वहीं इनके मोबाइल फोन भी जब्त किए गए।

## पचास हजार इनामी अपराधी गिरफ्तार

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**



**भागलपुर।** भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया के गोपालपुर थाना क्षेत्र में अपराध की योजना बना रहे कुख्यात बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए थे। इस मामले में नवगछिया पुलिस ने 50 हजार के इनामी अपराधी मोहम्मद चांग्ला मिया को गिरफ्तार किया है। नवगछिया पुलिस के टॉप टेन सूची में यह शामिल था।

एसपी पुरण झा ने बताया कि 7 अगस्त 2022 को पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य अपराधी हथियार गोली एवं विस्फोटक पदार्थ बम से लैस होकर तीन मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। इसी बीच गोपालपुर थाना पुलिस टीम के द्वारा की गई कार्रवाई में कबूतर स्थान धरारा मोड़ के पास एक मोटरसाइकिल हथियार एवं विस्फोटक पदार्थ छोड़कर सभी अपराधी भागने में सफल हो गए थे। इस संबंध में गोपालपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था। कांड के अनुसंधान के क्रम में संलिप्त पांच अपराधी को गिरफ्तार कर पूर्व में ही जेल भेज दिया गया।

जबकि कांड में फरार चल रहे को अपराधी मोहम्मद चांगला के विरुद्ध फरारी रोल समर्पित की गई। फरार व्यक्तियों की गिरफ्तारी के लिए गठित टीम के द्वारा विभिन्न ठिकाना पर छापामारी की जा रही थी। उसी क्रम में अपराधी मोहम्मद चांगला गिरफ्तार हुआ है। गिरफ्तार आरोपी पर चोरी ,लूट ,आर्म्स ,विस्फोटक आदि कई कांडों में अपराधिक इतिहास रहा है। इधर गिरफ्तार अपराधी से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने बिथान प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

लोकतंत्र की आबाज



**बिथान/समस्तीपुर।** भाकपा माले कार्यकत्ताओं ने प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता सुशील कुमार महतो ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि दलित गरीब सोसित लोगों को रोजगार हेतु दो लाख लघु उद्यमी योजना में देने की मांग की गई थी। बिथान अंचलाधिकारी द्वारा पिछले चार माह पूर्व से गरीबों के दिए आवेदन में आय प्रमाण पत्र वाले लाभुकों अब तक 72 हजार से कम का आय प्रमाण पत्र नहीं निर्गत करने पर रोष व्याप्त किया गया।

चेतावनी देते हुए अंचल सचिव सुशील कुमार ने कहा कि अगर 15 दिनों में आय प्रमाण निर्गत नहीं किया गया तो पुनः अंचल कार्यालय का घेराव किया जायेगा। सभी गरीब परिवारों को 5 डिसमिल जमीन दिलाने बेरोजगार युवाओं को 5 हजार बेरोजगारी भत्ता, उर्वक विक्रताओं द्वारा उर्वक के दामों में व्यपक पैमाने पर भर्ष्टाचार पर रोक लगाने नकली खाद बीज पर रोक लगाने सहित 15 सूत्री मांगों पत्र प्रभारी अंचलाधिकारी को सौप गया। मोके पर कार्तिक पासवान, हरेराम ,कॉ शंकर कुमार, कॉ हरिदेव मुखिया, समेत कई अन्य नेता गण मौजूद थे।

# भागलपुर जिला में भाजपा ने नए मंडल अध्यक्षों का चयन

लोकतन्त्र की आवाज



**केदार नाथ पाण्डेय**

**पीरपैंती।** भागलपुर जिला में भाजपा ने नए मंडल अध्यक्षों का चयन किया तो सिर- फुटव्वल भी कई जगहों पर देखने को मिल रहा है। पीरपैंती विधानसभा से भाजपा के विधायक ललन कुमार ने पार्टी के फैसले से अलग होकर अपनी तरफ से एक अन्य कार्यकर्ता को पीरपैंती मंडल अध्यक्ष घोषित कर दिया। अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बधाई भी दे दी. जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं में एकतरफ जहां कन्फ्यूजन शुरू हो गया तो वहीं दूसरी ओर विधायक के इस कदम का विरोध भी कई लोगों ने किया।

संवाददाता ने विधायक ललन कुमार और जिला संगठन चुनाव प्रभारी विजय शंकर चौधरी से इस प्रकरण में बातचीत की तो अलग-अलग दावे सामने आए। वहीं हमने विधायक के दावे की हकीकत जानने के लिए जिला चुनाव संगठन प्रभारी विजय शंकर चौधरी से बातचीत की।उन्होंने पूरे मामले पर नाराजगी जताई।कहा कि कहीं कोई प्रिंटिंग या टाइपिंग मिस्टेक नहीं हुआ है।जिला कोर कमिटी की बैठक हुई थी जिसमें विधायक, एमएलसी समेत अन्य पदाधिकारी आदि शामिल थे। पीरपैंती से आशीष यादव के नाम का भी कोई सुझाव नहीं आया था. जो तीन नाम आए वो मनीष कुमार सिन्हा, रवि प्रकाश शर्मा और हरेराम शर्मा के थे। इसमें सबकी सहमति से हरेराम शर्मा का नाम फाइनल किया गया था और वही पीरपैंती के मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं। जिला संगठन चुनाव प्रभारी ने इस तरह के विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया।जिलाध्यक्ष संतोष कुमार ने 32 नए मंडल अध्यक्षों का नाम तय किया।

आगामी बिहार चुनाव को देखते हुए जहां एक ओर भाजपा अब संगठन को मजबूती देने में लगी है तो दूसरी ओर पीरपैंती में पार्टी के अंदर ही सिर फुटौव्वल दिख रहा है।

दरअसल, भाजपा के मंडल अध्यक्षों की लिस्ट जब सामने आयी तो उसमें पीरपैंती मंडल अध्यक्ष के लिए हरेराम शर्मा का नाम तय था।लेकिन पीरपैंती के विधायक ललन कुमार ने अपने फेसबुक हैंडल पर हरेराम शर्मा की जगह रवि प्रकाश शर्मा को पीरपैंती मंडल अध्यक्ष बताकर बधाई दे दी।विधायक ने रवि प्रकाश शर्मा को माला पहनाते और मिठाई खिलाते हुए तस्वीरें भी जारी की। जिसके बाद भाजपा में कन्फ्यूजन शुरू हो गया। वहीं फेसबुक पोस्ट के जरिए कुछ कार्यकर्ताओं ने विधायक के इस कदम को गलत बताते हुए नाराजगी भी जाहिर की।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कार्रवाई: विभिन्न कांडों में जब्त शराब का किया गया विनष्टीकरण



ब्यूरो चीफ मोतिहारी
पूर्वी चम्पारण; बनकटवा जिलाधिकारी मोतिहारी के आदेशानुसार जितना थाना परिसर में गुरुवार को विभिन्न कांडों में जब्त करीब 1639.200 ली शराब का विनष्टीकरण किया गया। जानकारी देते अपर थानाध्यक्ष विकाश आनन्द व मजिस्ट्रेट सह सीओ अतुल कुमार बादल ने बताया कि थाना क्षेत्र के सात कांडों में जब्त विभिन्न ब्रांडों के 1639.200 लीटर शराब का विनिस्ट्रीकरण किया गया है। जहां थाना परिसर में ट्रैक्टर के माध्यम से गुरुवार को विनिस्ट्रीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि शराब विनिस्ट्रीकरण को लेकर थाना का सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की गई। अपर थानाध्यक्ष विकाश आनन्द ने बताया कि शराब बंदी को लेकर पुलिस की मुहिम लगातार रुप से चलेगा।

### मोतिहारी: पुलिस अधीक्षक ने थाना का किया निरीक्षण जिले के सभी थानों का निरीक्षण शुरू



ब्यूरो चीफ मोतिहारी
पूर्वी चम्पारणः जिले के पुलिस कप्तान स्वर्ण प्रभात बेहतर पुलिसिंग के प्रत्येक हफ्ते एक थाने का विस्तृत निरीक्षण करने का फरमान जारी किया है। वहीं उन्होंने कहा कि सभी थानों की कार्यप्रणाली और वर्क कल्चर को बेहतर बनाने पर फोकस। थानों की सर्विस डिलीवरी बेहतर बनाने का प्रयास। थानों को बिल्डिंग, पुलिस बल, वाहन और अन्य संसाधन की समीक्षा कर सुदृढ़ किया जाएगा। कई सालों से थानों में जमे पदस्थापित सिपाही, मुंशी, कर्मी हटाए जाएंगे। अपराध नियंत्रण,विधि व्यवस्था संधारण, शराब/नशा पर कारवाई की समीक्षा की जाएगी। बदलते क्राइम पैटर्न के आधार पर थाना पेट्रोलिंग रूट चार्ट को अपडेट किया जाएगा, अपराधग्रस्त जगहों पर पुलिस पिकेट खोला जाएगा। थानावार स्पीडी ट्रायल की समीक्षा, ईनामी अपराधियों पर कारवाई, माफियाओं की संपति जप्त करने की समीक्षा। दागी, जेल से छुटे अपराधियों के ऊपर सर्विलांस, गुंडा परेड। चौकीदारों की कार्यप्रणाली की समीक्षा, ग्राम अपराध पंजी को अपडेट कराया जाएगा। सभी रउ्ढड और सीआई भी अपने क्षेत्र अंतर्गत थानों का निरीक्षण करेंगे। इंस्पेक्शन का चेकलिस्ट दिया जा रहा है, ताकि एकरूपता बनी रहे। स्वर्ण प्रभात एसपी मोतिहारी।

### मोतिहारी: चकिया में कपड़ा व्यवसाई से रंगदारी मांगने वाले को पुलिस ने धर दबोचा

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
मोतिहारी के एसपी स्वर्ण प्रभात की सख्ती का असर अब दिखने लगा है। मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर चकिया थानाध्यक्ष अरविंद कुमार के द्वारा लगातार छापामारी कर पुरनछपरा कपड़ा व्यवसाई से रंगदारी मांगने वाला अपराधी हुआ गिरफ्तार। अपराधियों में अब खौफ का बना हुआ है माहौल।

### मोतिहारी में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ एक को किया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ मोतिहारी
पूर्वी चम्पारणः आदापुर थाना क्षेत्र के लतियाही गांव मे छापेमारी कर घर के बरामदे में जमीन खोदकर गाड़े गए लगभग 14 किलोग्राम मादक पदार्थ को पुलिस नें बरामद किया है। पुलिस नें अभियुक्त राजेश्वर दूबे को गिरफ्तार कर लिया है।

# वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र में मुख्यमंत्री द्वारा मिली सौगात को लेकर सांसद ने प्रेस को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया

## पूरे जिले में 250 खेल मैदान और रनिंग ट्रैक का निर्माण भी होना है

लोकतंत्र की आवाज



**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
**वाल्मीकिनगर ।** लोकसभा सांसद सुनील कुमार ने शुक्रवार को प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार के विकास पुरुष माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान मेरे संसदीय क्षेत्र को जो सौगातें दी हैं उसके लिए हम मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देते है।वाल्मीकिनगर संसदीय क्षेत्र की महत्वपूर्ण योजनाओं में गंडक पार धनहा क्षेत्र में डिग्री कालेज की स्वीकृति,इनरवा सिकटा से बाल्मीकिनगर तक दोन नहर पर 100 किलोमीटर सड़क निर्माण,मदनपुर पनियहवा सड़क निर्माण,बगहा रामपुर बाईपास सड़क निर्माण,मसान नदी के दाएं तटबंध का निर्माण,वाल्मीकिनगर में लवकुश पार्क और दोन क्षेत्र में केबल के माध्यम से बिजली पहुंचाने हेतु पावर ग्रिड निर्माण की योजनायें शामिल है।इसके अलावा लौरिया से नंदनगढ़ तक सड़क निर्माण,बेतिया में भव्य स्टेडियम निर्माण,पूरे जिले में 250 खेल मैदान और रनिंग ट्रैक का निर्माण भी होना है।बाल्मीकिनगर सांसद ने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार मिलकर बिहार और चम्पारण में ऐतिहासिक कार्य कर रही है।इस कड़ी में ठकराहा से मनुआ पुल के बीच पखनाहा घाट पर एशिया का सबसे बड़े मेगा ब्रिज और बगहा से बेलवनिया के बीच गंडक नदी पर बड़ा पुल व सड़क निर्माण की स्वीकृति शामिल है।साथ ही वर्षो से लंबित छितौनी–तमकुही रेल लाइन पर भी पुनः काम शुरू हो चुका है।इसके पहले बगहा 2 आईबी में पूर्व विधान पार्षद राजेश राम की अध्यक्षता में सांसद कुमार ने जननायक कर्पूरी विचार मंच के तले एक बैठक कर जनवरी में नरकटियागंज में कर्पूरी जयंती सह सामूहिक विवाह समारोह को सफल बनाने और 01 मार्च को बगहा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक का संचालन मंच के बगहा विधानसभा प्रभारी जदयू नेता राकेश सिंह ने किया।इस मौके पर पूर्व विधायक प्रभात रंजन सिंह,जिला सांसद प्रतिनिधि बबुआजी सिंह,जदयू नेता जयेंन्द्र सिंह,पशुपति नाथ गुप्ता,दयाशंकर सिंह,श्यामबिहारी गुप्ता,निवेदिता मिश्रा,पलक भारती, उमाशंकर पटेल, जितेंद्र जायसवाल,जयचंद पाण्डेय,जितेंद्र कुशवाहा आदि शामिल थे।

## मोतिहारीः चिरैया में रोजगार सह मार्गदर्शन मेले का आयोजन किया गया



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी।** दिनांक 27 दिसंबर 2024 को पूर्वी चंपारण जिले के चिरैया प्रखंड में जीविका परियोजना के तत्वाधान में जगननाथ हाई स्कूल के खेल मैदान में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन प्रातः 10:00 से संध्या 4:00 तक किया गया। इस मेले में देश भर के प्रसिद्ध कंपनियों में शिवशक्ति बायोटेक, उत्कर्ष स्माल फाइनेंस बैंक, होप केयर, आईसेक्ट,क्वेस्कॉर्प एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान सहित कुल 15 कंपनियों ने भाग लिया। इस मेले का शुभारंभ एक सादे समारोह के तहत मुख्य अतिथि माननीय विधायक,(चिरैया विधान सभा) श्री लाल बाबु गुप्ता, उप विकास आयुक्त, पूर्वी चंपारण शम्भू शरण पाण्डेय एवं जीविका जिला परियोजना प्रबंधक गणेश पासवान द्वारा संक्षिप्त संबोधन के साथ किया गया साथ ही भूतपूर्व माननीय प्रधान मंत्री स्व० मनमोहन सिंह के निधन पर मौन रखकर शोक सभा भी किया गया। इस मेले में चिरैया प्रखंड के अलावा ढाका,घोड़ासहन,पताही एवं पकड़ीदयाल प्रखंड के बेरोजगार युवक–युवतियां भी उपस्थित होकर रोजगार एवं प्रशिक्षण हेतु विभिन्न कंपनियों में आवेदन किया। इस अवसर पर माननीय विधायक ने इस मेले में जीविका दीदियों के अहम् भूमिका के लिए शुभकामनाएं दिया है।

## मोतिहारी पुलिस ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**मोतिहारी।** नए साल की जश्न मनाने की तैयारी पर मलाही थाना पुलिस ने फेरा पानी।मलाही पुलिस ने गुप्त सूचना लाखों रुपए का भारी मात्रा में विदेशी शराब किया बरामद।पुलिस की भनक लगते ही तस्कर फरार हो गया।पुलिस तस्कर की पहचान कर करवाई में जुट गई है। मलाही थाना अध्यक्ष कर्ण कुमार सिंह के नेतृत्व में चटिया दियर बिंद टोली के पास हुई है कारवाई।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 112 मामलों की हुई सुनवाई। हर मामले को बहुत गौर से सुने जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
कई मामलों का हुआ ऑन–द–स्पॉट समाधान।जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी–बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन–द–स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 112 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए



त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया।जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें राजस्व, शिक्षा, आपूर्ति, आवास, स्वास्थ्य, से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें झगरू राम, शमिम अंसारी, नवल कुमार, अमित कुमार, देवनाथ प्रसाद, किशोर सिंह, दशरथ तुरहा, आजाद हुसैन, भाग्यवती देवी, केदार राम, विशाल कुमार, आरती तिवारी, स्नेहलता कुमारी, ओमप्रकाश साह, रामराज राव, प्रभुनाथ तिवारी, कृष्णा कुशवाहा, सुबोध कान्त तिवारी, जगत नरायण शुक्ल, दिनेश कुमार, राघव पाण्डेय, उर्मिला देवी, रागिनी देवी, मालिक पाण्डेय, बिंदा यादव, संतोष दास, डब्लू पाण्डेय, सपन शर्मा आदि के नाम शामिल हैं।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, सुमित कुमार, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता–सह–जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, रामानुज प्रसाद सिंह, जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता–सह–जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी, श्रीमती रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्वी चम्पारण : मोतिहारी जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**पूर्वी चम्पारण।** दिनांक 27.12.2024 को समाहरणालय स्थित डॉ राधाकृष्णन सभागार, मोतिहारी में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से आएं 35 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर प्रभारी जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए प्रभारी जिलाधिकारी सह अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण, मुकेश कुमार सिंहा ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का



विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। आज भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश एडीएम के द्वारा प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। आज के कार्यक्रम में अपर समाहर्ता के साथ वरीय उप समाहर्ता सह प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री अमरेश कुमार, स्थापना उप समाहर्ता श्रीमती प्रेमलता, समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## जिलाधिकारी ने डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास का किया निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
छात्रों को गुणवतापूर्ण खाना, पानी, स्वास्थ्य जांच सहित अन्य सुविधाएं ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश।कार्यपालक अभियंता, पीएचईडी को 24 घंटे के अंदर चापाकल को दुरूस्त कराने का निर्देश।जिला पदाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने आज विपिन उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में अवस्थित डॉ0 अम्बेडकर कल्याण छात्रावास का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने छात्रों से बातचीत कर उनसे पठन–पाठन एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिया।उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को विभागीय दिशा–निर्देश के अनुरूप बेहतर तरीके से छात्रवास का संचालन कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि बच्चों को



गुणवतापूर्ण खाना, पानी, स्वास्थ्य जांच सहित अन्य सुविधाएं ससमय मिले, इस हेतु विशेष ध्यान दिया जाय। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने छात्रावास की साफ–सफाई, मेस संचालन एवं अन्य व्यवस्थाओं को और बेहतर तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। छात्रावास परिसर में अवस्थित खराब चापाकल को 24 घंटे के अंदर दुरूस्त करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता, पीएचईओ को दिया गया।इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी, मो0 असलम अली, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, नवनीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मोतिहारी: तुरकौलिया पुलिस ने शराब कारोबारी समेत पियक्कड़ को किया गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ मोतिहारी**
**तुरकौलिया।** पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत शराब कारोबारियों के विरुद्ध विशेष छापामारी किया। छापेमारी अमरखिया बाजार के समीप किया। जहां से जयसिंहपुर बंदरहा के बली यादव, बेलवा के मुन्नीलाल महतो व जयसिंहपुर रेतवा के सत्येन्द्र कुमार राम को गिरफ्तार किया गया। वही इनके पास से 60 लीटर देशी चुलाई शराब एवं चोरी का मोटरसाईकिल हीरो स्पलेंडर प्लस जब्त किया गया। जबकि एक तस्कर फरार हो गया। फरार तस्कर की बाइक है। बाइक के डिक्की में भी शराब था। वही शराब सेवन करने के आरोप में मंझौलिया थाना क्षेत्र के नानोसती का रमेश साह, बंजरिया



थाना क्षेत्र के चैलाहा निवासी जलेशर महतो व रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के जोगी सहनी को पकड़ा गया। तीनों शराब पीकर सड़क के पर लड़खड़ाते चल रहे थे। शोर शराबा भी कर रहे थे। नाम पता पूछने पर इनके मुहं से शराब पीने की दुर्गंध आ रही थी। ब्रेथ एनलाजर से जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर सभी छः आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जबकि एक फरार तस्कर घरवारी टोला के जितेंद्र राम के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शी तरीके से कराएं :जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**
लाभार्थियों का चयन विभागीय दिशा–निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए बिल्कुल साफ–सुथरे तरीके से कराएं सुनिश्चित।जिले को मत्स्य उत्पादन, मत्स्य आहार उत्पादन तथा रंगीन मछली उत्पादन में बनाएं आत्मनिर्भर।जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न।जिला पदाधिकारी, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभाकक्ष में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की बैठक जिला स्तरीय पदाधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि मत्स्य विभाग के पोर्टल पर प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत नया तालाब निर्माण एवं उन्नत इनपुट योजना में विभिन्न वर्गो में 54, रियरिंग तालाब निर्माण में 21, मत्स्य बीज



हैचरी अधिष्ठापण में 02, बॉयोफ्लॉक तालाब निर्माण 08, आर्द्रभूमि में अंगुलिका संचयन योजना में 02, लघु अलांकरी संवर्द्ध योजना में 01, मध्यम अलंकारी सवंर्द्ध योजना में 01, सुक्ष्म बायोफ्लॉक योजना में 10, आईस प्लांट में 03, मोटर साईकिल–सह–आईस बॉक्स 09, थ्री व्हीलर–सह–आईस बॉक्स, साईकिल–सह–आईस बॉक्स, जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र 03 एवं लघु फिड मील 08, फिश क्यिॉस्क योजना में 03, रैस योजना में 01 एवं मध्यम बॉयोफ्लॉक में 01 आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग में 07 आवेदन, अनुसूचित जनजाति में 14 आवेदन, महिला वर्ग में 05 आवेदन तथा अन्य वर्ग में 149 आवेदन अन्य वर्ग में प्राप्त हुए है। कुल प्राप्त 157 आवेदनो मे से इच्छुक एवं विभाग द्वारा निर्धारित आवष्यक अहर्ता पूर्ण करने वाले आवेदनो का चयन किया गया। जिला पदाधिकारी ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि योजना का क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण पूर्ण पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करते हुए जिले के सभी प्रखण्डों में योजनाओं का लाभ दिया जाए। किसी के प्रभाव में आकर लाभुकों का चयन कतई नहीं करें। उन्होंने कहा कि क्रियान्वित योजनाओं की जांच उनके द्वारा स्वयं की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि लाभार्थियों का चयन विभागीय दिशा–निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए बिल्कुल साफ–सुथरे तरीके से कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना से लाभान्वित होकर जिले के आम लोगां को मत्स्य बीज, मत्स्य उत्पादन, मत्स्य विपणन, मत्स्य भंडारण, मत्स्य प्रसंस्करण, रंगीन मछली उत्पादन एवं मत्स्य आहार उत्पादन आदि व्यवसाय द्वारा सतत् गुणवतापूर्ण खाने योग्य मछलियो की उपलब्धता बाजार में सुनिश्चित कराई जा सके। साथ ही रोजगार के नये अवसर भी सृजित हो। किसानों की आय में वृद्धि तथा जिले को मत्स्य बाहुल क्षेत्र बनाया जा सके।समीक्षा के क्रम में जिला मत्स्य पदाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछुआरे, मत्स्य पालक, मत्स्य विक्रेता, मत्स्य मजदूर, मत्स्य विकास अभिकरण, स्वयं सहायता समूह, संयुक्त दैयता समूह, मत्स्यजीवी सहयोग समिति, मत्स्य फेडरेशन, मत्स्य उद्यमी, कम्पनियां, मत्स्य उत्पादक समूह/संस्थान, अनुसूचित जाति/जनजाति/महिला/दिव्यांग आदि को लाभान्वित किया जा रहा है। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सभी वर्गों की महिलाओं हेतु विभिन्न अवयव के लिए निर्धारित इकाई लागत का 60 प्रतिशत एवं अन्य वर्ग हेतु 40 प्रतिशत अनुदान देय है। निर्धारित इकाई लागत का शेष राशि स्वलागत अथवा बैंक ऋण के माध्यम से लाभुकों के द्वारा वहन किया जाना है। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता, राजीव कुमार सिंह सहित जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता जल संसाधन विभाग, तिरहुत नहर प्रमण्डल–1–2, पश्चिम चम्पारण, बेतिया, कार्यपालक अभियंता लघु जल संसाधन विभाग, पश्चिम चम्पारण बेतिया, समन्वयक–सह–अध्यक्ष कृषि विज्ञान केन्द्र माधोपुर एवं प्रगतिशील मत्स्य कृषक आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पतिलार में हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मुख्य अतिथि रहे चौतरवा थाना के एसआई रमेश कुमार व एसआई रूपेश कुमार

क्षितिज राज

बगहा। पतिलार पंचायत के पतिलार के राजकीयकृत श्री हरिहर उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में हुआ हर साल की भांति इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन। इस क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत शुक्रवार से हुई।शुक्रवार के दिन क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला दिन था। पहला मैच तमकुहा बनाम मझौवा के बीच खेला गया।इस क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ चौतरवा थाना के एसआई रमेश कुमार व एसआई रूपेश कुमार के द्वारा फीता काटकर किया गया उसके बाद मैच को प्रारंभ किया गया। यह क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन कार्यकर्ता देवानन्द यादव, अजय यादव, सतीश कुमार, धनंजय कुमार के देख रेख में किया गया। बता दें टॉस जीतकर तमकुहा की टीम ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया यह मैच 14 – 14 ओवर का खेला गया।तमकुहा की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर में 8 विकेट खोकर 184 रन बनाई। बता दें कि 185 रन का पीछा करने के लिए उतरी मझौवा की टीम ने 14 ओवर में ऑल आउट होते हुए मात्र 100 ही बना पाई। वही तमकुहा की टीम ने 84 रन से जीत हासिल कर सेमी फाइनल में जगह बनाई। वही सैकड़ो की संख्या में लोग इस मैच का आनंद लिए वही मौके पर कार्यकर्ता देवानंद यादव, अजय यादव, धनंजय कुमार तथा सतीश कुमार के साथ सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत आम सभा आयोजित : ई–रिक्शा चालक और सफाई कर्मियों का चयन

क्षितिज राज

ठकराहाँ (पचं)। प्रखंड क्षेत्र ठकराहाँ के मोतीपुर पंचायत सरकार भवन में शुक्रवार को लोहिया स्वच्छ अभियान के तहत मोतीपुर पंचायत के मुखिया जितेंद्र मिश्रा उर्फ झुन्नू मिश्रा की अध्यक्षता में आम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छता पर्यवेक्षक व ई रिक्शा चालक समेत पंचायत सफाई कर्मियों का चयन किया गया। पंचायत सचिव राजेश कुमार रजक एवं प्रखंड कॉर्डिनेटर राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि ई रिक्शा चालक के लिए 9 ,स्वच्छता पर्यवेक्षक के लिए 20 तथा पंचायत स्तरीय सफाई कर्मी के लिए 13 आवेदन प्राप्त थे। सभी आवेदन के अवलोकन के उपरांत रॉबिन कुमार को ई रिक्शा चालक के पद पर, मनोज कुमार को पर्यवेक्षक के पद पर तथा धनंजय यादव,पप्पू कुमार,संध्या देवी को पंचायत स्तरीय सफाई कर्मी के पद पर सर्वसम्मति से चयन किया गया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व दो बार हंगामे के कारण चयन की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया था। इस बार सभा की कार्रवाई मनरेगा पीओ हरिशंकर प्रसाद की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मौके पर सरपंच उमेश यादव,ग्रामीण शक्ति राज यादव,संपत यादव,तीर्थराज यादव, वीरेन्द्र यादव,पंकज यादव,प्रभु यादव,फरमान खान समेत पंचायत के सभी वार्ड सदस्य मौजूद थे।

### सिरदला: मोबाइल फोन चोरी करने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार सिरदला में मोबाइल फोन चोरी करते दो युवक को लोगों ने रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। बता दें कि बाजार,हाट के दिन सिरदला, लौंन्द,बरदाहा, सुखनर जैसे बाजारों में सामान खरीदते वक्त ग्राहक के मोबाइल फोन चोरी हो जाना,पर्स चोरी हो जाना आम बात हो गई है। इसी क्रम में गुरुवार को मोबाइल फोन चोरी करते सिरदला बाजार से दो मोबाइल चोर युवक को व्यवसाईयों ने पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। मोबाइल चोर युवक की पहचान बांका जिला के रजौन्ध थाना के खैरा गांव निवासी बिरजू महतो के पुत्र 20 वर्षीय शनि कुमार तथा एतवारी महतो के पुत्र 18 वर्षीय मिथुन कुमार बताया गया है। जिसके विरुद्ध सिरदला थाना कांड संख्या 476/24 प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

### बिहार महिला राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में

बिहपुर,,,,रायगढ ( महाराष्ट्र ) में खेली जा रही 70वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के पूल 'बी' के महत्वपूर्ण लीग मुकाबले में बिहार ने तेलंगाना को 35–22,35–13 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर के हवाले से राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने बताया कि बिहार की ओर से कप्तान प्रिया सिंह,वंदना कुमारी,युक्ता रानी,पूनम कुमारी, अभिलाषा कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

# अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान के द्वारा शुक्रवार को विशेष चलंत दरिद्र नारायण भोज का किया गया आयोजन

## इस कार्यक्रम का शुभारंभ वाल्मीकि नगर से किया गया

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

अंतर्राष्ट्रीय न्यास स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा शुक्रवार को विशेष चलंत दरिद्र नारायण भोज का आयोजन किया गया। संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ वाल्मीकि नगर से किया गया और इसका समापन बगहा 02 बस स्टैंड के समीप किया गया। संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संगीत आनंद ने बताया कि 14 नवंबर 2012 से ऐसे लोगों को सेवा दी जाती है। यूं तो दैनिक चलंत दरिद्र नारायण भोज के माध्यम से हर दिन लावारिस दिव्यांग जनों ,मानसिक बीमारों और विक्षिप्तों को घूम घूम कर भोजन प्रदान किया जाता है। परंतु समय–समय पर विशेष दरिद्र नारायण भोज का आयोजन भी किया जाता है। इस विशेष दरिद्र नारायण भोज के प्रायोजक नाइन ट्रायंगल के निर्देशक कृष्ण मोहन झा हैं, जिन्होंने अपने जन्म दिवस को खास बनाने के लिए तथा दिव्यांगजन की सहायता हेतु संस्थान को सहयोग प्रदान किया है। संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी ने बताया कि इस विशेष दरिद्र नारायण भोज में वाल्मीकि नगर एवं बगहा के करीब एक दर्जन से ज्यादा लावारिस दिव्यांग एवं जरूरतमंद लाभान्वित हुए हैं। विभिन्न चौक चौराहों पर भटकने वाले ऐसे लोगों के प्रति आम



लोगों में दया और सहानुभूति का भाव जगे इसके लिए हम सतत् प्रयत्नशील एवं प्रयासरत हैं। ऐसे लोगों को उनके परिजनों से मिलवाना भी संस्था के उद्देश्यों में शामिल है। मानवता और इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। सड़कों के किनारे लावारिस हालत में, मानसिक बीमार के रूप में जीवन गुजर बसर करने वाले लोगों के प्रति भी दया का भाव ,इसे ही सच्ची ईश्वर भक्ति कहते हैं। इस क्रम में वाल्मीकिनगर समेत बगहा के पटखौली ,मलकौली , रेलवे ढाला, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड बगहा के आसपास के दिव्यांग को भी सेवा प्रदान की गई। आगे समाजसेवी संगीत आनंद ने बताया कि ऐसे लोगों को ठंढ से बचाने के लिए कंबल का वितरण भी जारी है। इस आयोजन में कैमरामैन चंदन झा, गायिका खुशबू राज, गायक ईश्वर चौहान, नेपाल के गायक जोगिंदर सिंह, वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार, सचिव अखिलानंद सिंह, राधा मोहन कुशवाहा, विद्यादित्य सिन्हा उर्फ संजू भैया एवं फौजी विद्यासागर राणा की भूमिका सराहनीय रही।

## पांच दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन,ग्रामीण महिलाओं को मिला प्रमाण पत्र



लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड में हैंड इन हैंड इंडिया एवं जॉकनिक फाउंडेशन के सौजन्य से चलाए जा रहे पांच दिवसीय सॉफ्ट टॉयज बनाने के उपर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया।ग्रामीण महिलाओं के आजीविका को सशक्त करने के उद्देश्य से दिनांक 23 दिसंबर से 27 दिसंबर तक प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया।प्रशिक्षण कार्यशाला में रजौली प्रखंड के सतगीर ग्राम से 25 महिलाओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं विभिन्न प्रकार के आकर्षक सॉफ्ट टॉयज बनाने का काम सीखा।इस दौरान संस्था के महाप्रबंधक रवि रंजन द्वारा प्रतिभागियो से वित्तीय साक्षरता, उद्यम विकास,बिक्री एवं बाजार जुड़ाव जैसे विषयों पर चर्चा की गई एवं बताया की महिलाओं को सशक्त बनाकर पूरे समाज को सशक्त किया जा सकता है।साथ ही बताया कि उद्योगों को बढ़ाने से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं ग्रामीण महिला स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी।परियोजना प्रबंधक निलेश कुमार ने बताया की इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला शसक्तीकरण में सहायक होंगे।इससे ग्रामीण महिलाएं अपने लिया रोज़गार के साधन बना सकेंगी।प्रशिक्षण के अंत मे प्रशिक्षक सुनीता आर्या, परियोजना कर्मी अभय कुमार, सुमंत सिंह, रितेश कुमार एवं जितेंद कुमार द्वारा संयुक्त रुप से सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।साथ ही साथ बताया की सभी प्रतिभागियों से निरंतर फॉलोअप किया जायेगा जिससे उनके आत्मनिर्भर बनने में होने वाली समस्याओं का निवारण हो सके।प्रशिक्षण सत्र को सफल बनाने में सुमित्रा कुमारी, संतोष सुधा,आनंदी कुमार ने अहम भूमिक निभाई।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक सभा का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** नगर पंचायत क्षेत्र के महादेव नगर स्थित कांग्रेस के रजौली इकाई कार्यालय में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया। शोकसभा का नेतृत्व कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष रामरतन गिरी के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह एक महान अर्थशास्त्री थे। वर्ष 1991 में भारत को आर्थिक संकट से उभरने में डॉ. मनमोहन सिंह का अहम योगदान था।उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से पूरे देशवासियों को काफी दुःख हुआ है। देश को अपूर्णीय क्षति हुई है।वहीं देश को आर्थिक प्रगति के दिशा दिखाने में उनका



योगदान सदैव अस्मरणीय रहेगा।प्रखण्ड के कमिटी के लोगों ने डॉ. मनमोहन सिंह के परिजनों के साथ कांग्रेसी कार्यकर्ता हमेशा साथ हैं। साथ ही दर्जनों कार्यकर्ताओं ने ईश्वर से पूर्व प्रधानमंत्री के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। मौके पर जिला पार्षद इन्द्रदेव राम,आरटीआई जिलाध्यक्ष कुंदन दीप,मोहन चौधरी,डॉ. अनवारुल हक़,पूर्व प्रधानाचार्य बालकृष्ण प्रसाद,मनौअर अंसारी,पैक्स अध्यक्ष रियाजुद्दीन,रफीक अंसारी सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## पिस्टल की नोक पर पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र से 40,000 की लूट वारिसलीगंज थाने के कुछ हीं दूरी पर दो अपराधियों ने पिस्टल दिखाकर दराज से निकाल ले गए रुपए

लोकतंत्र की आवाज



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):**–पिस्टल का धौंस दिखाकर अपराधियों ने महिला सीएसपी संचालक से 40 हजार रुपए लूट लिए है।बताया गया है कि थाने के पास हीं संचालित था सीएसपी ,जहां दो की संख्या में रहे अपराधियों ने वारिसलीगंज थाना चौक स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सीएसपी ब्रांच में पिस्टल दिखा कर चालीस हजार की लूट की घटना सामने आयी है।पीएनबी के सीएसपी संचालक कविता कुमारी के पति मुकेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को करीब तीन बजे के आसपास दो युवक ब्रांच में आकर स्टॉफ को पिस्टल दिखाकर सर टेबल पर पटक दिया और दराज में रखे चालीस हजार रूपये लूट कर चले गए।घटना के बाद संचालक ने वारिसलीगंज थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन देकर लूट की घटना से अवगत कराया है।बता दें कि वारिसलीगंज थाना गेट से महज पचास गज की दुरी पर लूट की घटना हुई है, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल खडे हो रहें हैं।वहीं घटना की सूचना के बाद पुलिस प्रारम्भिक जाँच पड़ताल में जुट गयी हैं।थाना के पास लूट की हुई घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान स्वंय वारिसलीगंज पहुंचकर घटनास्थल पर जाकर जाँच पड़ताल किया एवं सीएसपी संचालक से घटना के बारे में पूछताछ किया।संचालक के द्वारा दी गयी लूट की सुचना वास्तव में सही है।तो यह पुलिस के सिस्टम पर सवाल खड़ा करती है. इससे साफ है कि पुलिस का ख़ौफ़ अपराधियों में कुछ भी नहीं है. भीड़भाड़ वाले स्थान पर इस प्रकार की घटना से लोग सकते में हैं, हालांकि पुलिस मामले को लेकर गंभीरता से जाँच पड़ताल में जुट गयी है।पुलिस अधीक्षक ने घटना को लेकर स्थानीय पुलिस को निदेशित भी किया है। क्या कहते हैं थानाध्यक्ष घटना की लिखित रूप से शिकायत सीएसपी संचालिका कविता कुमारी ने थाने में आकर किया है।मामले को गंभीरता से लेकर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।एसपी को सूचना दिया गया,जिसके बाद एसपी साहब ने घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ और जानकारी लिया।आस पास की सीसीटीवी को चेक किया जा रहा है,जल्द हीं घटना का राजफाश किया जाएगा। – रूपेश कुमार सिन्हा ,थानाध्यक्ष वारिसलीगंज

# सुपौल :पुलिस पर लगातार हो रही हमला, पुलिसिया कानून व्यवस्था पर लोग उठा रहे हैं सवाल

लोक तंत्र की आवाज



**सुपौल ।** जिले के त्रिवेणीगंज अनुमंडल क्षेत्र में पुलिस पर हो रही हमला थमने की नाम नहीं ले रही है,चार ऐसी घटना धटी है जो पुलिसया कानून व्यवस्था पर सवालिया निशान लगा दिए हैं, बीते 14 जुलाई को त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र के डफरखा में शराब की सुचना पर रेड करने पहुंची उत्पाद के टीम सहायक अवर निरीक्षक मोहम्मद शमशाद के साथ हमलावरों ने हाथापाई की बीच सड़क पर हमलावरों ने मोहम्मद शमशाद के कॉलर पड़कर हाथापाई करते वीडियो बनाकर वायरल किया, उसके ठीक कुछ दिन बाद, खनन इंस्पेक्टर मोहम्मद इकबाल के साथ हमलावरों ने मारपीट की घटना अंजाम दिया, जिसमें मोहम्मद इकबाल हुसैन को जान बचाकर भागना पड़ा उस घटना में कई सिपाही जख्मी हो गए, उसके बाद त्रिवेणीगंज थाना अध्यक्ष रामसेवक रावत पर हमलावरों ने जमकर हमला किया ,जिसमें कई पुलिस कर्मी समेत जदिया थाना प्रभारी राजीव कुमार चोटिल हो गए, त्रिवेणीगंज थाना प्रभारी रामसेवक रावत पर हुए हमला की चर्चा अभी थमी नहीं है की एक और नया मामला सामने आ गया है, ताजा मामला ललितग्राम थाने से आ रही है, जहां दैनिक भास्कर अखबार के मुताबिक यहां शराब की सूचना पर छापेमारी के दौरान पब्लिक और पुलिस में जमकर झड़प हुई जिसमें दो पुलिस जख्मी हो गए, पुलिस की कार्रवाई से गुसाई ग्रामीण मौके पर जुट गए, ग्रामीणों ने लाठी डंडे और बास के फट्टे से पुलिस का विरोध किया झड़प के दौरान कुछ पुलिस कर्मियों का सामान जैसे लाठी टॉर्च, मफलर और टोपी घटना स्थल पर छूट गए, हालांकि इस घटना होने बात ललितग्राम थाना अध्यक्ष संजना कुमारी ने इंकार कर दिया, इन सभी घटनाओं को लेकर अब लोक पुलिस पर भी सवाल उठने लगी है क्या पुलिस की वर्दी का भेह हमलावरों में नहीं है या फिर पुलिस की बेबसी का यह लोग फायदा उठा रहे हैं, सबसे अहम सवाल यह है कि ललितग्राम पुलिस और पब्लिक के बीच हुई झड़प अखबार बता रही है हुई है, लेकिन सुपौल एसपी शैशव यादव इस घटना को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गलत प्रचार – प्रसार कर मामले को गलत ढंग से प्रसारित करने की बात कहीं जा रही है, उन्होंने बताया कि दो पक्षों में विवाद हो रहा था उसी में डायल 112 टीम घटनास्थल पर पहुंची और दोनों पक्षों को आपस में समझा बूझाकर शांत कर दिया, अगर पुलिस और पब्लिक के बीच झड़प नहीं हुई तो फिर अखबार वाले किस आधार पर खबर प्रकाशित किया, अगर पुलिस की बातें सत्य है तो फिर अखबार वालों पर अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं की गई, इसका दोषी कौन ललितग्राम पुलिस या फिर अखबार, इसका जवाब सुपौल पुलिस को देना चाहिए,

## अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस इन होमियोपैथी से सम्मानित हुए डॉक्टर पदम भानु सिंह

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

होमियोपैथी चिकित्सक डॉ. पदमभानू सिंह को कैंसर के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर पटना के होटल मोर्या स्थित अशोका हॉल में स्वाब इण्डिया जर्मनी के द्वारा आयोजित इम्पेटस 2024 कार्यक्रम में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस इन होमियोपैथी से नवाजा गया है।डॉ.पदमभानू सिंह को उत्कृष्ट प्रदर्शन और सराहनीय योगदान के लिए बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस इन होमियोपैथी देकर सम्मानित किया है।आपको बता दें कि डॉ. पदमभानू सिंह कैंसर के क्षेत्र में अदभुत एवं अतुलनीय पहल कर 7500 से अधिक कैंसर मरीजों को स्वस्थ लाभ पहुंचाते हुए कैंसर क्षेत्र में अनुसंधान हेतु डॉ.पदमभानू सिंह को माननीय बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव बर्नेट होमियोपैथी



प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ डॉक्टर नितीश चन्द्र दुबे के द्वारा अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस इन होमियोपैथी देकर सम्मानित करने से बगहा के समाजसेवी अरुण कुमार सिंह,अरविंद कुमार सिंह,निप्पू कुमार पाठक,डॉक्टर भानु प्रताप सिंह,डॉक्टर हरिओम सिंह,डॉक्टर तारिक अनवर,डॉक्टर अतुल सिंह,पूर्व मंत्री राजेश सिंह सहित तमाम लोगों,जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्यों के साथ ही स्थानीय लोगों ने सराहना करते हुए खुशी जाहिर किया है।गौरतलब हो कि कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ.पदमभानू सिंह होमियो कैंसर सेवा अस्पताल बगहा दो के ख्याति प्राप्त चिकित्सक है।इनके कुशल नेतृत्व में लगभग 7500 से अधिक कैंसर मरीजों का ईलाज के दौरान उन्हें नया जीवन मिला है।डॉ. पदमभानू सिंह होमियोपैथी चिकित्सक के क्षेत्र में देश–विदेश में कई बार सम्मानित हो चुकें है तथा परचम लहराया है।होमियोपैथी के क्षेत्र में बेहतर एवं सराहनीय कदम व प्रयास और उत्कृष्ट सेवा पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने डॉ पदमभानू सिंह को होटल मोर्या में अवार्ड ऑफ एक्सीलेंस इन होमियोपैथी देकर सम्मानित किया है।

## 84 लीटर शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार,एक कार व दो बाइक जब्त,भेजे गए जेल शराब के साथ दो नाबालिग को किया गया निरुद्ध

लोकतंत्र की आवाज



**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार ने 84 लीटर शराब के साथ एक कार व दो बाइक को जब्त किया है। साथ ही दो शराब धंधेबाजों को गिरफ्तार किया एवं दो नाबालिगों को निरुद्ध किया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्दनिषेध को लेकर उत्पाद बलों द्वारा समेकित जांच चौकी पर झारखण्ड की ओर से आ रही कार संख्या बीआर01इज़ेड0196 से 72 बोतल विदेशी शराब बरामद किया गया साथ ही एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया।जब्त शराब में रॉयल स्टेज नामक व्हिस्की के 750 एमएल वाले 48 बोतल व इम्पीरियल ब्लू नामक व्हिस्की के 750 एमएल वाले 24 बोतल शामिल है।वहीं गिरफ्तार शराब धंधेबाज की पहचान नालन्दा जिले के सिलाव थाना क्षेत्र निवासी राजेश कुमार के पुत्र विपिन राज के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक द्वारा बताया गया कि वे गझंडी से शराब लेकर रजौली स्थित अपने मामा के घर जा रहे थे।वहीं दूसरी ओर बाइक संख्या जेएच12एम3446 पर लदे ओल्ड मॉन्क नामक रम के 750 एमएल वाले 24 बोतल को जब्त किया गया। साथ ही एक यवुक को गिरफ्तार किया गया,जिसकी पहचान कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया थाना क्षेत्र के गझण्डी गांव निवासी महेंद्र सिंह के पुत्र सुरेंद्र कुमार के रूप में हुई है।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि उत्पाद बलों द्वारा एक बाइक पर 12 लीटर शराब के साथ दो नाबालिगों को भी निरुद्ध किया गया है। उन्होंने कहा कि जब्त शराब,बाइक एवं कार के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। गिरफ्तार लोगों को शुक्रवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच के मौके पर उत्पाद सिपाही,सैप बल एवं गृहरक्षक के जवान शामिल थे।

## पैक्स अध्यक्ष की मिली भगत से बीसीओ कर रहे मनमानी पैक्स के प्रबंधकारिणी समिति सदस्यों ने की जांच की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**राजेश कुमार सिन्हा**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के बहादुरपुर पैक्स में अब तक धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खुले हैं। 24 दिसंबर को बीसीओ राकेश रौशन द्वारा पैक्स के प्रबंधकारिणी समिति का समिति प्रबंधक के लिए किए गए बैठक में कोरम पूरा होने के बावजूद भी बीसीओ द्वारा समिति प्रबंधक नहीं बनाया गया। जिसके कारण बैठक बेनतीजा समाप्त हो गई। कार्यकारिणी सदस्यों ने बीसीओ पर पैक्स अध्यक्ष की मिलीभगत से मनमानी तरीके से कार्य करने का आरोप लगाया है।पैक्स कार्यकारिणी सदस्य अमित कुमार, शिवालक यादव, पंकज कुमार, गिरिजा देवी व सुधीर कुमार ने बताया कि बीसीओ द्वारा उन्हें बताया गया कि पैक्स अध्यक्ष विक्रम कुमार अपने रिश्तेदार को पैक्स प्रबंधकारिणी समिति का समिति प्रबंधक बनाना चाहता है।जबकि पैक्स की नियमावली के मुताबिक प्रबंधकारिणी समिति के सदस्यों एवं पैक्स मतदाताओं को समिति का प्रबंधन नहीं बनाया जाना है। इनसे अलग पंचायत के ही किसी स्नातक उत्तीर्ण व्यक्ति को जिसके पास कंप्यूटर का ज्ञान हो उसे ही समिति प्रबंधक के रूप में प्रबंधकारिणी समिति सदस्यों की बैठक में सर्वसम्मति से बनाया जाना है।लेकिन पैक्स अध्यक्ष अपने रिश्तेदार को समिति प्रबंधक बनाने पर अड़े हुए हैं। पैक्स अध्यक्ष की मिलीभगत से बैठक में कोरम पूरा होने के बावजूद भी 24 दिसंबर को समिति प्रबंधक के रूप में किसी भी व्यक्ति को नहीं चुना गया।प्रबंधकारिणी समिति सदस्यों ने बताया कि पैक्स अध्यक्ष की मनमानी और बीसीओ द्वारा निष्पक्ष तरीके से काम नहीं करने के कारण रजौली प्रखंड के बहादुरपुर पैक्स में अब तक धान अधिप्राप्ति केंद्र नहीं खुला है।हालांकि जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक के लिए अलग–अलग तिथि में जो पत्र जारी किए गए हैं उसमें भी त्रुटियां हैं। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा 20 दिसंबर को जारी किए गए विभागीय पत्र में 21 दिसंबर को सहकार भवन, नवादा में सुबह 11:30 बजे से बैठक कराए जाने का आदेश दिया गया। वहीं अगले दिन जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा 21 दिसंबर को जारी किए गए विभागीय पत्र में यह कहा गया कि 20 दिसंबर को आहूत बैठक में प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य नहीं पहुंचे हैं लिहाजा 24 घंटे के अंदर गतिरोध को समाप्त कर बैठक कराकर धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने के लिए कारगर प्रयास किए जाएं अन्यथा विरोध करने वाले सभी पैक्स सदस्यों को अगले 5 सालों के लिए चुनाव लड़ने से वंचित कर देने के लिए विभाग को अनुशंसा कर दी जाएगी। जब 20 दिसंबर को जारी पत्र में 21 दिसंबर को बैठक होने की बात कही गई तो फिर 21 दिसंबर के पत्र में 20 दिसंबर को बैठक में सदस्यों के नहीं पहुंचने की बात कहां से आ गई।सदस्यों द्वारा बताया गया कि 21 दिसंबर को जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा जारी किए गए पत्र में 24 घंटे के अंदर बैठक कराने के लिए पैक्स अध्यक्ष एवं सदस्यों को चेतावनी पत्र दिया गया था।लेकिन रजौली बीसीओ राकेश रौशन के द्वारा दो दिन बीत जाने के बाद 23 दिसंबर को सूचना दी गई कि 24 दिसंबर को बहादुरपुर पैक्स भवन में कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक होगी। ऐसे में जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा 24 घंटे के अंदर बैठक कराने के आदेश को ही बीसीओ ने ठेंगा दिखा दिया।बीसीओ राकेश रौशन ने पैक्स अध्यक्ष की मिलीभगत से नियमावली को भी ताक पर रखकर लगातार मनमानी कर रहे हैं।कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा 3 बार शिकायत पत्र दिए जाने के बाद बीसीओ द्वारा शिकायत पत्र नहीं लिया गया।जिसके कारण अब तक रजौली प्रखंड के बहादुरपुर पैक्स में धान क्रय केंद्र नहीं खुला है। वहीं सदस्यों का कहना है कि बगैर धान क्रय केंद्र खुले ही पैक्स अध्यक्ष विक्रम कुमार के द्वारा अवैध तरीके से पैक्स के कई किसानों का धान खरीद कर पैक्स गोदाम में रख दिया गया है। अगर पैक्स गोदाम की जांच की जाए तो पैक्स अध्यक्ष और बीसीओ की मनमानी उजागर हो सकती है।पैक्स सदस्यों ने नवादा डीएम से मामले में हस्तक्षेप कर पैक्स गोदाम में रखे गए धान के बोरों की जांच कर बीसीओ पर कार्रवाई की मांग की है ताकि बहादुरपुर पैक्स में कार्यकारिणी सदस्यों के सहयोग से समिति प्रबंधक का चुनाव कर धान खरीद में पारदर्शिता बनी रह सकी। क्या कहते हैं बीसीओ –इस संदर्भ में बीसीओ राकेश रौशन से जानकारी लिए जाने पर उन्होंने कहा कि पैक्स अध्यक्ष के साथ उनकी कोई मिलीभगत नहीं है। लोग उन पर झूठा आरोप लगा रहे हैं। कार्यकारिणी सदस्यों को बैठक कर खुद इस पर निर्णय लेना है। बैठक कर समिति प्रबंधक का चुनाव नहीं होने पर डीएम द्वारा जारी आदेश के आलोक में बहादुरपुर पैक्स को किसी अन्य पैक्स के साथ टैग किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### रेलवे दुकानदार संघ किया गया गठन सर्वसम्मति से विजय कुमार भीएस को बनाया गया अध्यक्ष

लोकतंत्र की आवाज

सिमरी बख्तियारपुर सहरसा संवादाता। सिमरी बख्तियारपुर रेलवे परिसर के दुकानदारों ने गुरुवार को एक बैठक कर रेलवे दुकानदार संध का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। जिसमें रेलवे दुकानदार संध के अध्यक्ष के रूप में विजय कुमार भीएस, उपाध्यक्ष नजीर अहमद, रतन भगत, सचिव मो. जहांगीर आलम, सह सचिव राजकुमार गुप्ता, मंत्री मनोज कुमार एवं सदस्य शिवु कुमार एवं मंजर आलम को बनाया गया है। मौके पर रेल सर्कुलेटिंग एरिया के दर्जनों दुकानदारों ने भाग लिया।

### सहरसा : कोशी विकास संघर्ष मोर्चा के नवहट्टा प्रखंड अध्यक्ष बनें गौरीशंकर

लोकतंत्र की आवाज

सहरसा संवादाता। कोशी प्रमंडलीय मुख्यालय स्थित कोशी विकास संघर्ष मोर्चा अपने संगठन को विस्तारित कर नये नये महत्वपूर्ण लोगों को जिम्मेदारी सौंप रहें है। कोशी विकास संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार झा ने सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्तित्व ग्राम नौला प्रखंड नवहट्टा निवासी गौरीशंकर यादव को नवहट्टा प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व दिया है। जिसकी घोषणा मोर्चा के संरक्षक एवं पूर्व जिला पार्षद प्रवीण आनंद ने किया। साथ ही सभी पंचायत का यथाशीघ्र गठन कर प्रखंड वासियों की समस्याओं के निराकरण हेतु बैठक कर जानकारी देने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि कोशी विकास संघर्ष मोर्चा स्थानीय ज्वलंत मुद्दों के समाधान हेतु सतत सक्रिय रहकर सामाजिक एवं सांस्कृतिक आंदोलन के लिए संघर्ष रत है। श्री झा ने बताया कि कोशी विकास संघर्ष मोर्चा एम्स, ओवरब्रिज, मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं हवाई अड्डा के वर्षों से आंदोलन चलाया जा रहा है।

### बाइक सवार झपटमार अपराधी ने झपटी बाइक सवार महिला की पहनी हुई कान का वाली

लोकतंत्र की आवाज

पतरघट सहरसा संवादाता। जिले के पतरघट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पस्तपार थाना क्षेत्र स्थित एनएच 106 सड़क पर गुरुवार को सखुआ गांव के निकट बाइक सवार महिला के पहनी सोने की कान की बाली को बाइक सवार झपटमार दो अपराधी द्वारा झपट ली गई। जिसमें महिला जख्मी हो गई। महिला पति के साथ बीमार बच्चे की इलाज कराने बाइक पर सवार होकर मधेपुरा जा रही थी। पीड़ित महिला पामा गांव, वार्ड नंबर - 4 निवासी राजेश कुमार साह उर्फ राजा की पत्नी पूजा कुमारी थी। उन्होंने बताया कि वे पति के साथ बाइक पर बच्चे का इलाज कराने के लिए मधेपुरा जा रही थी। पस्तपार के आगे सखुआ गांव के निकट पस्तपार के तरफ से एक पल्सर बाइक पर सवार दो युवक पीछे से आकर उनके दोनों कान की बाली झपटते हुए विश्वकर्मा चौक के तरफ भाग गया। पस्तपार थाना अध्यक्ष पंकज कुमार यादव ने बताया कि मामले को लेकर शिकायत मिली थी। जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### अभाविप के 66वें प्रांत अधिवेशन में मधेपुरा की अहम भागीदारी




लोक तंत्र की आवाज

मधेपुरा। आगामी 29-31 दिसंबर, 2024 को पूर्णिया में आयोजित होने जा रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के उत्तर बिहार के 66वें प्रांत अधिवेशन में मधेपुरा का अहम प्रतिनिधित्व होगा। इस अधिवेशन में भाग लेने के लिए यहां से पचास लोगों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को पूर्णिया रवाना होगा। अभाविप के विश्वविद्यालय प्रमुख प्रो. ललन प्रसाद अद्री और नगर अध्यक्ष डॉ. सुधांशु शेखर ने इस संबंध में जानकारी दी और बताया कि इस अधिवेशन में उत्तर बिहार प्रांत के 36 सांगठनिक जिले, विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इस बड़े आयोजन में मधेपुरा से भी एक मजबूत प्रतिनिधिमंडल भेजा जा रहा है, जो अभाविप के विचारों और कार्यक्रमों को और मजबूती प्रदान करेगा। आयोजकों ने कहा कि इस अधिवेशन में लघु बिहार का दर्शन होगा, क्योंकि विभिन्न क्षेत्रों से छात्र, शिक्षक और कार्यकर्ता मिलकर अभाविप के सिद्धांतों और लक्ष्यों पर चर्चा करेंगे और उनके कार्यान्वयन के तरीकों पर विचार करेंगे। इससे पहले, अभाविप ने मधेपुरा जिले में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों और छात्र-हित के मामलों पर निरंतर काम किया है, और इस अधिवेशन में उनकी सक्रिय भागीदारी के जरिए संगठन को और भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# सिमरी बख्तियारपुर में 60 वर्षों बाद राम लीला का आयोजन, लक्ष्मण शक्ति एवं राम विलाप का मंचन का मनोरम दृश्य

लोकतंत्र की आवाज





**सिमरी बख्तियारपुर /सहरसा ।** सिमरी बख्तियारपुर में 60 वर्षों के बाद इस बार 9 दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया है। गुरुवार की रात सातवें दिन लक्ष्मण शक्ति एवं राम विलाप का मंचन किया गया। जिसमें महिला पुरुषों एवं बच्चों की भीड़ उमड़ रही है। उत्तर प्रदेश के मीरजापुर से पहुंचे विरेंद्र कुमार की टीम ने सातवें दिन लक्ष्मण शक्ति एवं राम विलाप के विभिन्न स्वरूपों के माध्यम से मंचन कर दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। राम विलास की कारुणिक दृश्य पर महिलाओं की आंसू निकल गए।

रामलीला स्थल पर रामलीला के रुप सज्जा एवं आकर्षक राजसी, दैत्य, वनवासी एवं वानर के आकर्षक परिधान में सजे पात्रों द्वारा संध्या में रामलीला का मंचन प्रारंभ हुआ। इस दृष्य में निशाचरों के लगातार मारे जाने पर लंकाधिपति रावण चिंतित हो जाता है। एवं वह अपने पुत्र इन्द्रजीत मेघनाद को रणभूमि में जाने के लिए कहता है। मेघनाद अपने पिता से आज्ञा लेकर रणभूमि में पहुंचता है। जहां शेषावतार लक्ष्मण से उसका भयंकर युद्ध होता है। मेघनाद ब्रह्मा द्वारा दी गई शक्ति का आह्वान कर उसे प्राप्त करने के बाद शक्ति का प्रहार लक्ष्मण पर करता है। जिससे वह मूर्छित हो समर भूमि में गिर जाते हैं। मेघनाद उनको मृत समझकर उनके शरीर को लंका ले जाना चाहता है। किन्तु वह तमाम कोशिशें करने के बावजूद मूर्छित पड़े लक्ष्मण को वह हिला भी नहीं पाता है। वह वही पर छोड़ लंका पहुंच जाता है। लक्ष्मण के मृत्यु का समाचार वह रावण को सुनाता है।

यह खबर सुनकर लंकावासी खुशियां मनाते है। इधर लक्ष्मण के मूर्छित होने की खबर मिलते ही राम दल में शोक छा जाता है, परंतु पवन पुत्र हनुमान संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचा लेते है। राम दल में फिर खुशी की लहर दौड़ जाती है। रामलीला लीला का आंखों देखा हाल रामलीला के प्रबंधक बिरेंद्र कुमार ने पूरे ओजस्वी आवाज, लय एवं ताल के साथ सुनाया। रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद के उपसभापति प्रतिनिधि सह वार्ड पार्षद विकास कुमार विक्की, वार्ड पार्षद दुर्गेश कुमार, दिनेश मालाकार, बेचन राम, सरवन कुमार, पिंटू कुमार, छोटू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, रणजीत चौहान, संतोष कुमार, बाल्मीकि कुमार, भगवान दास, अशोक शर्मा एवं मनोज शर्मा आदि थे। वहीं रामलीला में आयोजित श्री राम जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर समिति के सदस्य गोपाल शर्मा, सिकंदर शर्मा, मनोहर शर्मा, सतीश शर्मा, बद्री शर्मा, रवि कुमार आदि ने सक्रिय सहयोग किया।

# खेत में लगे बिजली ट्रांसफार्मर में से तेल चुराने के दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत



लोकतंत्र की आवाज

- सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बसनही थाना क्षेत्र के बुटहा गांव स्थित बहियार में हुई घटना

**सोनवर्षा राज सहरसा संवादाता।** जिले के सोनवर्षा राज प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बसनही थाना क्षेत्र के बुटहा गांव स्थित बहियार में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर से तेल चोरी करने के दौरान करंट लगने से बुधवार की देर रात एक युवक की मौत हो जाने की जानकारी पुलिस को मिली।मृत युवक बसनही थाना क्षेत्र के जम्हरा गांव निवासी 28 वर्षीय मंटू उर्फ छोटू कुमार थे। हालांकि मृत युवक की मां पुनिता देवी ने बताया कि देर रात एक युवक के द्वारा फोन कर उनके बेटे को बुलाया गया था। फिर मंटू की हत्या कर दिया गया। उनका बेटा चोर नहीं था।

जबकि घटना की जानकारी गुरुवार की अहले सुबह लोगों को मिली थी। मौके पर पहुंची बसनही थाना पुलिस द्वारा घटनास्थल से बरामद उपकरण से साबित होता है कि मंटू और उनके कुछ मित्र बिजली ट्रांसफार्मर से तेल की चोरी कर रहे थे। इस दौरान करंट लगने से उनकी मौत हुई होगी। उनकी मौत से गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। वहीं परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों के विलाप से हर आने जाने वाले लोगों की आंखें भी नम हो जा रही थी। मृतक की पत्नी लक्ष्मी देवी रोती बिलखती बार बार बेहोश हो जा रही थी। वे 5 वर्षीय और 3 वर्षीय पुत्री के पालन पोषण कैसे करेगी बोल कर बेहोश हो रही थी। बसनही थानाध्यक्ष कुलबंत कुमार ने बताया कि शव के समीप बिखरे पड़े उपकरण से प्रथम दृष्टया तेल चोरी के दौरान करंट लगने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा। जांच की जा रही है।

# सिमरी बख्तियारपुर में रेलवे दुकानदार संघ का हुआ गठन



लोकतंत्र की आवाज

**सिमरी बख्तियारपुर/ सहरसा ।** सिमरी बख्तियारपुर रेलवे परिसर के दुकानदारों ने गुरुवार को एक बैठक कर रेलवे दुकानदार संध का गठन सर्वसम्मति से किया गया है। जिसमें रेलवे दुकानदार संध के अध्यक्ष के रूप में विजय कुमार भीएस, उपाध्यक्ष नज़ीर अहमद, रतन भगत, सचिव मो. जहांगीर आलम, सह सचिव राजकुमार गुप्ता, मंत्री मनोज कुमार एवं सदस्य शिवु कुमार एवं मंजर आलम को बनाया गया है। मौके पर रेल सर्कुलेटिंग एरिया के दर्जनों दुकानदारों ने भाग लिया। बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हो गई।

# अररिया के पटेगना में भाजपा के नए मंडल अध्यक्ष अभिलाष ठाकुर का जोरदार स्वागत

लोक तंत्र की आवाज



डा. रूद्र किंकर

**पटेगना ।** अररिया प्रखंड के भूतनाथ खेल मैदान, पटेगना में वीर बाल दिवस के मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष अभिलाष ठाकुर का जोरदार स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, वरिष्ठ नेता सुरेंद्रनाथ झा, अधिवक्ता सुशील झा, आशुतोष झा राहुल और अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे।

समारोह में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने पटेगना भाजपा मंडल के नए अध्यक्ष के रूप में अभिलाष ठाकुर को माला पहनाकर और अंगवस्त्र से सम्मानित किया। साथ ही, मदनपुर मंडल के अध्यक्ष के रूप में अरुण कुमार सिंह को भी दायित्व सौंपा गया। यह आयोजन भाजपा परिवार की एकता और समर्पण को दर्शाता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान मंडल अध्यक्ष और नव निर्वाचित मंडल डेलिगेट्स राजू कुमार शाह उर्फ बमबम शाह ने की, जबकि मंच संचालन किस्मत खाबसपुर पैक्स अध्यक्ष संतोष कुमार झा ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा ने संगठन को और मजबूत बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, वहीं भाजयुमो जिला अध्यक्ष आकाश राज, जिला प्रवक्ता राहुल झा और अन्य नेताओं ने अपने विचार रखे। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष अभिलाष ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य संगठन को मजबूती देना, भाजपा के कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाना और लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने पार्टी के मूलमंत्र ₹सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास₹ को आगे बढ़ाने की कृतसंकल्प व्यक्त की।

समारोह में भाजपा के कई अन्य वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें पूर्व मुखिया ममताज अंसारी, सरपंच सरजी लाल सादा, सुशील झा, सत्यम राय, बालकृष्ण झा, दिलीप झा, श्रवन मिश्रा, नरेश मिश्र, बटेश मिश्र, पंचानन्द मिश्र, सुभाष मिश्र, गंगा ठाकुर, देवेंद्र विश्वास शामिल थे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने पार्टी के कार्यों और आगामी योजनाओं को लेकर अपने विचार साझा किए और पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण का प्रदर्शन किया।

# वीर बाल दिवस पर गुरू गोविंद सिंह के पुत्रों को दी गई श्रद्धांजलि

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपा द्वारा स्थानीय गुरूद्वारा डीबी रोड में दसवें गुरू गोविंद सिंह जी के दो साहबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह के शहादत दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विधायक डॉ आलोक रंजन, जिला उपाध्यक्ष शिव भूषण सिंह, जिला मंत्री राजीव रंजन साह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष भैरव झा, नगर अध्यक्ष द्वय साजन शर्मा, आशिष गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित की और माथा टेका।

विधायक डॉ रंजन ने कहा कि सिख धर्म के दसवें गुरू गोविंद सिंह जी के दो पुत्रों के शहादत को हमलोग आज वीर बलिदान दिवस के अवसर पर याद करते हैं। उन उन्होंने कहा कि सिख धर्म के 10 गुरु हुए। जिन्होंने अपने प्राणों की बलि देकर सनातन धर्म की रक्षा की। उन्होंने कहा कि मुगल आक्रांताओं द्वारा 10 गुरुओं का शीश बलिदान लेने के बाद भी 10 में गुरु गुरु गोविंद सिंह के 2 मासूम वीर पुत्रों को जिंदा दीवार में चुनवा दिया गया। जिसके कारण उनके याद में बाल दिवस मनाया जाता है। मौके पर गुरूद्वारा गुरसिंघ सभा के प्रधान सरदार स्वर्ण सिंह, सचिव सरदार परबिंदर सिंह, हैप्पी सरदार गूरचरण सिंह, सरदार रणवीर सिंह, सरदार सुरेन्द्र सिंह, सिरजन सिंह, हरकिरत सुरन्द्र सिंह, करण जीत सिंह, माता राज रानी कौर, मनजीत कौर, यशपाल कौर, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगामनी देवी, रणविजय यादव, हेम नारायण गुप्ता, शक्ति गुप्ता, ललन दास, संजय साह आदि मौजूद थे।

# ऑल इंडिया सोशियोलॉजिकल कांफ्रेंस में बीएन मंडल विवि के शिक्षक और शोधार्थियों का उत्कृष्ट योगदान



लोक तंत्र की आवाज

- गुरुग्राम में आयोजित सम्मेलन में बीएनएमयू के शिक्षक और शोधार्थियों ने समाजशास्त्र के विभिन्न पहलुओं पर किया शोध प्रस्तुत

**गुरुग्राम।** हरियाणा के गुरुग्राम स्थित बीएमएल मुंजाल विश्वविद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय ऑल इंडिया सोशियोलॉजिकल कांफ्रेंस में बीएन मंडल विश्वविद्यालय (बीएनएमयू) के शिक्षक और शोधार्थियों ने समाजशास्त्र के विभिन्न पहलुओं पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस सम्मेलन में बीएनएमयू से दो शिक्षक और एक दर्जन से अधिक शोधार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने अपने विचारों से शोध की दिशा को नया दृष्टिकोण दिया।

समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. राणा सुनील कुमार सिंह ने ₹वृद्धों की परिवार में स्थितिः एक समाजशास्त्रीय अध्ययन₹ पर शोध प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने युवाओं के रोजगार और शिक्षा के लिए शहरों में पलायन को वृद्धों की बदलती स्थिति का मुख्य कारण बताया। इसके अलावा, सुरज कुमार ने ₹परिवारिक और वैश्विक विकास में जीविका योजना की प्रासंगिकता₹ पर शोध प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने बताया कि जीविका योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं और पारिवारिक एवं वैश्विक विकास में अपना अहम योगदान दे रही हैं।

आरसी एट में सुरज कुमार ने महिला सशक्तिकरण में जीविका योजना की प्रासंगिकता₹, ब्रजेश कुमार सिंह ने महिलाओं के उत्थान में आंगनवाड़ी कार्यक्रम की भूमिका₹, पूजा कुमारी ने ₹ग्रामीण परिवार के उत्थान में प्रधानमंत्री आवास योजना की भूमिका₹, प्रज्ञा गौतम ने ₹प्रजातंत्र और ज्ञान में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं जीवनशैली में बदलाव₹ पर अपने शोध प्रस्तुत किए।

इसके अतिरिक्त, नूतन कुमारी ने ₹जेंडर स्टडीज में कार्यकारी महिलाओं में परिवार और लिंग की भूमिका₹, सुलमा कुमारी ने ₹परिवारिक गतिशीलता में महिलाओं के समाजीकरण सशक्तिकरण पर वैश्वीकरण का प्रभाव₹, कुमारी नीतू ने ₹मलिन बस्ती के परिवारिक गतिशीलता पर वैश्वीकरण का प्रभाव₹, खुशबू कुमारी ने ₹बिहार के ग्रामीण महिलाओं पर उज्जवला योजना का प्रभाव₹ और रोशन कुमार ने ₹वैश्विक विकास में उद्योगों की भूमिका का समाजशास्त्रीय अध्ययन₹ पर अपना शोध प्रस्तुत किया।

बीएन मंडल विश्वविद्यालय के शिक्षकों और शोधार्थियों ने सम्मेलन में भाग लेकर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। शिक्षकों ने सम्मेलन में बड़ी संख्या में शोधार्थियों के भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. मनोरंजन प्रसाद भी उपस्थित थे। शोधार्थियों ने सम्मेलन को बेहद लाभकारी और ज्ञानवर्धक बताया, और कहा कि इससे उन्हें अपने शोध दृष्टिकोण को विस्तृत और सशक्त बनाने का अवसर मिला है।

# शहीद नीरज छेत्री वॉलीबॉल टूर्नामेंट सिकटी विधायक सह सचेतक ने किया उद्घाटन

लोक तंत्र कीआवाज



- शहीद नीरज छेत्री की वीरता को सम्मानित करना और उनकी प्रेरणादायक जीवनगाथा को जन-जन तक पहुंचाना हैः विजय मंडल

**कुर्साकांटा।** बाह्य सीमा चौकी कुआरी के खेल मैदान में आयोजित शहीद नीरज छेत्री वॉलीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक विजय कुमार मंडल ने किया। यह टूर्नामेंट 52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अररिया और नेहरू युवा केंद्र संगठन, अररिया द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया है। टूर्नामेंट का उद्देश्य शहीद नीरज छेत्री की वीरता को सम्मानित करना और उनकी प्रेरणादायक जीवनगाथा को जन-जन तक पहुंचाना है।

उद्घाटन समारोह में माननीय विधायक विजय कुमार मंडल ने शहीद नीरज छेत्री के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद विधायक ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और कदम बढ़ाया। समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद नीरज छेत्री के योगदान और बलिदान को याद किया और उनकी वीरता को नमन किया।

52वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के उप कमांडेंट आनंद प्रकाश यादव ने अपने संबोधन में शहीद नीरज छेत्री की वीरता और उनकी संघर्षशीलता का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि शहीद नीरज छेत्री का जन्म 24 फरवरी 1991 को असम के कारिबिल नेपाली गांव में हुआ था। उन्होंने 67 ऑपरेशनों में भाग लिया और कई मुठभेड़ों में अद्वितीय साहस का प्रदर्शन किया। 2 जून 2019 को झारखंड के दुमका जिले के कठलिया इलाके में माओवादियों के साथ मुठभेड़ में वह शहीद हो गए। उनके साहसिक कार्य और सर्वोच्च बलिदान के लिए उन्हें ₹मरणोपरांत पुलिस मैडल फॉर गैलेंट्री₹ से सम्मानित किया गया था।

श्री यादव ने इस मौके पर कहा, आज हम स्वतंत्र, संप्रभु और अखंड भारत में जिस तिरंगे के नीचे रहते हैं, वह हमारे शहीदों के बलिदान का प्रतीक है। इस वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन शहीद नीरज छेत्री की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है, ताकि उनकी वीरता को याद किया जा सके और आने वाली पीढ़ियां उनके साहस और देशभक्ति से प्रेरित हो। इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं, जिनमें एपीएएफ नेपाल और एसएसबी के अलावा अन्य स्थानीय टीमें भी शामिल हैं। टूर्नामेंट का निर्णायक मुकाबला 28 दिसम्बर 2024 को दोपहर 2 बजे खेला जाएगा, और विजेता टीम को ट्रॉफी तथा अन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे।

कार्यक्रम में पी. एन. सिंह (उप कमांडेंट 52वीं वाहिनी), बिश्वनाथ जीसी (डीएसपी एपीएएफ नेपाल), डॉ. रेखा कुमारी (पीएचसी कुर्साकाटा), रोशन सिंह (एसएचओ कुआरी थाना), अभिषेक कुमार (एसएचओ कुर्साकाटा थाना), श्रीमती पूजा देवी (सरपंच कुआरी), श्रीमती बीना देवी (मुखिया कुआरी) सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा शाखा गुमला के तत्वावधान में रक्तदान शिविर में 14 युनिट ब्लड संग्रह किया गया




लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
गुमला(झारखंड)। शुक्रवार को मारवाड़ी युवा मंच ' प्रेरणा' गुमला शाखा के तत्वाधान में रक्तदान शिविर के तहत सदर हॉस्पिटल गुमला में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया` जिसमें नवीन अग्रवाल,बीना अग्रवाल, देवांश साबू, विशाल बडाईक, शंकर अग्रवाल , अंचल अग्रवाल, भूषण नरसरिया, शकुंतला मंत्री, अक्षय रामलाल ,मुनेश्वर उरांव,प्रीतम कुनकुरी,कृष्ण उरांव,बल गोविंद साहू,और राहुल उरांव ने एक–एक यूनिट ब्लड डोनेट किया` यह मिलाकर टोटल 14 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया` यह कार्यक्रम सदर अस्पताल के सुनीता दीदी की देख रेख में हुआ` इसमें मारवाड़ी युवा मंच प्रेरणा गुमला की अध्यक्ष अंचल अग्रवाल , सचिव ज्योति फोगला ,ब्लड डोनेशन कन्वेयर बीना अग्रवाल सहित पूर्व अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल,श्वेता मंत्री , सूची गाड़ोदिया विशेष रूप से उपस्थित थे।

### जीआरपी ने राजखरसावां रेलवे स्टेशन पर कोयला लदे मालगाड़ी से नाबालिग का शव किया बरामद



लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चक्रधरपुर(झारखंड)। चक्रधरपुर डिवीजन अंतर्गत राजखरसावां रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने शुक्रवार सुबह कोयला लदे मालगाड़ी से एक 14 वर्षीय नाबालिग का शव बरामद किया है. मृतक की पहचान बोकारो के फुसरो सेक्टर कॉलोनी निवासी सागर तांती, पिता रत्न तांती के रूप में हुई है. पिछले एक सप्ताह पूर्व मृतक अपने रिश्तेदार घर खरसावां के उधड़िया गांव आया हुआ था. उसका दिमागी हालत भी ठीक नहीं था. जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह कुछ रेलवे के कर्मचारियों ने देखा कि राजखरसावां रेलवे स्टेशन पर कोयला लदे एक मालगाड़ी के ऊपर शव पड़ा हुआ है. तत्पश्चात रेलवे कर्मचारियों ने इसकी सूचना जीआरपी पुलिस को दी. वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर अस्पताल भेज दिया. इधर सूचना मिलते ही समाजसेवी सह झामुमो युवा नेता सुरेश मोहंती राजखरसावां रेलवे स्टेशन पहुंचे. इसके बाद मृतक के परिजनों को सूचना दी गई।

# प्रखंड में जन शिकायत शिविर में लांस नायक अल्बर्ट एक्का की जयंती पर नागरिकों को योजनाओं का मिला लाभ

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गुमला(झारखंड)।** गुमला जिले के जारी प्रखंड में आज लांस नायक अल्बर्ट एक्का की जयंती के अवसर पर जिला स्तरीय जन शिकायत शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिला उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिविर में सभी विभागीय अधिकारियों और नागरिकों से संवाद किया। शिविर में पहुंच कर उपायुक्त ने एक एक स्टॉल्स का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शिविर में विभिन्न विभागों ने अपने स्टॉल लगाकर नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी और मौके पर ही लाभ प्रदान किया। शिविर में कृषि, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, शिक्षा, पेयजल एवं स्वच्छता, बैंकिंग, मनरेगा, पशुपालन, मत्स्य, ग्रामीण विकास, एवं उद्योग विभाग सहित कई विभागों ने भाग लिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि आज प्राप्त सभी शिकायतों और आवेदनों का निस्तारण शीघ्र किया जाए।

स्वास्थ्य विभाग ने इस दौरान नागरिकों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की, जिसमें सिकल सेल एनीमिया जांच को विशेष प्राथमिकता दी गई। खरछढर के स्वयं सहायता समूह ( रल्ॅ) द्वारा लगाए गए स्टॉल में उपायुक्त ने महिलाओं को उनके उत्पादों को बेहतर ढंग से विपणन करने और रोजगार को मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। शिविर में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को प्रखंड के सभी खराब जलमीनारों की सूची तैयार कर उन्हें सुधारने का निर्देश दिया गया। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा केवाईसी और केसीसी के कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने जारी प्रखंड कार्यालय परिसर में निर्मित अल्बर्ट एक्का पुस्तकालय और नव निर्मित पीएचसी सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने इन भवनों का शीघ्र उद्घाटन कर प्रखंडवासियों को सुपुर्द करने का निर्देश दिया।

इसके पश्चात उपायुक्त ने जारी ग्राम में स्थित परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस कार्यक्रम से जारी प्रखंड के सैकड़ों नागरिक लाभान्वित हुए और उन्हें योजनाओं के तहत विभिन्न प्रकार की सहायता प्राप्त हुई।इस दौरान 60 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण किया गया, वहीं एक ढश्ळॅ नागरिक के बीच ट्रैक्टर का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य कई योजनाओं से लाभुकों को ऑन द स्पॉट लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक ऊफ्ळअ, रऊढ चैनपुर, ऊळछफ गुमला, चैनपुर भू अर्जन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

## जलती चिता में हत्या करने के मामले पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने मामला संज्ञान में लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए



लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गुमला(झारखंड)।** मिडिया द्वारा मामला प्रकाश में लाने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सचिव डालसा को घटना की जानकारी कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया, जिस क्रम में सचिव महोदय के निर्देश पर पीएलवीयो ने घटनास्थल का दौरा किया और पीड़ति परिवार से मुलाकात कर उनकी स्थिति की जानकारी लिया।

गुमला थाना के डूमरडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम कोरांबी में मृतक बुद्धेश्वर उरांव का घर पीएलबी राजेश सिंह पहुंचे तथा उनके परिजनों से मिलकर उनके घर की स्थिति जाना उन्होंने बताया कि 10 साल पहले आवास मिला था राशन कार्ड बना हुआ है जिसमें राशन मिलता है ।दूसरी घटना जो कामडारा प्रखंड स्थित कुरकुरा थाना अंतर्गत गया टोली की है जिसमें मृतक के घर पीएलबी अनूप ओहदार पहुंचे और मृतक के परिवार से मिलकर घर का स्थिति की जानकारी ली उन्होंने बताया कि राशन कार्ड बना हुआ है जिसे परिवार को राशन प्राप्त होता है तथा बच्चे स्कूल में पढ़ाई करते हैं । सचिव महोदय ने बताया कि मृतक व्यक्ति के परिजनों को कानूनी सहायता के लिए अधिवक्ता उपलब्ध करा दिए गए हैं तथा मुआवजा के लिए भी कार्यवाही शुरू कर दी गई है ,उन्होंने कहा कि पीडित परिवार को सभी तरह की सरकारी सहायता दी जाएगी जिनके वह हकदार हैं ।

झालसा के निर्देशानुसार डालसा के द्वारा चलाए जा रहे 90 दिन के जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज पीएलवीयों के द्वारा गुमला के विभिन्न क्षेत्र मे जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमें गुमला में पीएलबी राजेश सिंह तथा अधिवक्ता ओम प्रकाश के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा लोगों को कानूनी जागरण जानकारी दी गई ।

### सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

लोकतंत्र की आवाज
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड
चक्रधरपुर(झारखंड)। ऐतिहासिक बुड़ीगोडा मैदान में क्रिसमस के अवसर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता से लौटने के दौरान सीलफोड़ी में सड़क दुर्घटना हुई थी। उक्त दुर्घटना में बस्तमपदा निवासी ईश्वर माझी की मौत हो गई थी। जबकि दुर्घटना में तीन घायल हुए थे। पुराना बस्ती निवासी सोनू साहू उन्ही घायलों में से था जिसकी गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर में इलाज के बाद घायलों को बेहतर इलाज को लेकर रेफर किया गया था सोनू साहू के परिजन भी उन्हें इलाज को लेकर जमशेदपुर गए थे गुरुवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। ट्रिपल राइट स्कूटी टेंपो में टक्कर मारी थी। इस दुर्घटना में बस्तमपदा निवासी संदीप महतो टेंपो में सवार मोहम्मद हसन घायल है उनका इलाज जमशेदपुर में चल रहा है।

## झरिया की पूर्व विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने रैयतों के हक के लिए खोला मोर्चा

लोक तंत्र कीआवाज

**धनबाद।** झरिया की पूर्व विधायक श्रीमती पूर्णिमा नीरज सिंह ने इंडिया गठबंधन के बैनर तले बीसीसीएल प्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए सुरूंगा के रैयतों को उनका अधिकार दिलाने का संकल्प लिया। यह कदम जीनागोरा आउटसोर्सिंग परियोजना के मलबे को रैयतों की जमीन पर जबरन डंप किए जाने के विरोध में उठाया गया है।

श्रीमती सिंह ने शनिवार को सुरूंगा बाउरी टोला में आयोजित इंडिया गठबंधन की संकल्प सभा में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। सभा की अध्यक्षता बिनोद कालिंदी ने की और संचालन गोपाल बाउरी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा, ₹आउटसोर्सिंग मालिकों का असली चेहरा अब जनता के सामने आ गया है। ग्रामीणों को एकजुट होकर अपनी जमीन और अस्तित्व की रक्षा करनी होगी। अगर यह एकता बनी रही, तो ऐसे प्रबंधन को घुटने टेकने पर मजबूर किया जाएगा।

**जमीन की जबरन डंपिंग पर जताई नाराज़गी :** श्रीमती सिंह ने कहा कि रैयती जमीन पर जबरन ओबी डंपिंग के चलते कई बार विवाद और खून–खराबे की घटनाएं हो चुकी हैं। इसके बावजूद बीसीसीएल प्रबंधन और जिला प्रशासन ने रैयतों की समस्याओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि अब उनकी जमीन पर जबरन कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

**ग्रामीणों के आंदोलन को समर्थन :** सभा में झामुमो के केंद्रीय सदस्य युद्धेश्वर सिंह, जनता मजदूर संघ के महामंत्री अभिषेक सिंह, माले नेता भोजोहरी महतो, जिला सचिव कार्तिक प्रसाद, कांग्रेस नेता गौतम देव, प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। सभी ने रैयतों के अधिकार की लड़ाई में सहयोग देने और प्रबंधन के खिलाफ एकजुट होकर आंदोलन तेज करने का आहवान किया।

**पिछले छह माह से धरने पर बैठे ग्रामीण :** सभा के दौरान यह भी बताया गया कि पहाड़ीगोड़ा के एक दर्जन रैयत परिवार पिछले छह माह से अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए धरने पर बैठे हैं। बावजूद उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया है। सभा में नकुलदेव सिंह, सुधीर महतो, सनातन रविदास, पशुपतिनाथ देव सहित अन्य नेताओं ने भी अपने विचार रखे और रैयतों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्थन जताया।

## गिरिडीह प्रखंड एवं गिरिडीह जिला के सभी प्रखंडों में डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह,झारखंड।** 90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम सह आउटरीच कैंपेन के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों अंतर्गत में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह श्री अरविंद कुमार पांडेय के मार्गदर्शन एवं सचिव श्रीमती सोनम बिश्नोई के आदेशानुसार मे आज दिनांक 27 /12/2024 को 90 दिवसीय जागरूकता सह आउटरीच



कैंपेन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार गिरिडीह की ओर से गिरिडीह प्रखंड एवं गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों में डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

गिरिडीह जिले के सभी प्रखंडों में सभी विधिक सहायता केंद्र के पंचायत में लगातार कार्यक्रम का आयोजन पीएलबी के माध्यम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में जाकर लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है अधिक से अधिक हर क्षेत्र के लोग इसका लाभ उठा सकें। वैसे जरूरतमंद लोगों को निशुल्क विधिक सहायता,निशुल्क अधिवक्ता का उपलब्ध कराना, मध्यस्थ कराना,पीड़ति अनुदान योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान काफी संख्या मजदूर काम कर रहे थे जिनको श्रम विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई । मजदूरों के निबंध के लिए कैंप लगाने का भी समय लिया गया है जिसमें भवन निर्माण में कार्य कर रहे सभी मजदूरों का निबंध हो सके और उनको श्रम विभाग की तरफ से मजदूरों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके।इस कार्यक्रम में पी एल बी दिलीप कुमार, अशोक कुमार वर्मा,कामेश्वर कुमार, संतोष कुमार, सुनील कुमार, जय प्रकाश वर्मा,शालिनी प्रिया, संतोष कुमार पाठक एवं अन्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मंईयां सम्मान के बाद पलामू में भैया अभियान, होगी विशेष खातिरदारी

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**पलामू(झारखंड)।** झारखंड के पलामू जिले में अब मंईयां सम्मान के जैसे ही भैया के लिए भी एक अभियान शुरू किया गया है. लेकिन इस अभियान से भैया लोगों को कोई राशि नहीं मिलने वाली, बल्कि उन्हें इससे सावधान रहने की जरूरत है, नहीं तो नए साल पर पुलिस उनकी खातिरदारी करती नजर आ सकती है.

दरअसल, नये साल के आगमन को लेकर कई इलाकों में जश्न की तैयारियां शुरू हो गयी हैं. जश्न मनाने के लिए लोग पिकनिक स्पॉट का रुख कर रहे हैं. नये साल के जश्न को लेकर पिकनिक स्पॉट पर भी सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और नेशनल हाईवे व स्टेट हाईवे पर विशेष निगरानी रखी जा रही है. इसी कड़ी में शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के लिए



पुलिस भैया अभियान चला रही है. कोई शराब पीकर गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया तो पुलिस उनसे सख्ती से निपटेगी. नए साल के दौरान पलामू में सड़क हादसों की संख्या भी बढ़ जाती है. 25 दिसंबर से पांच जनवरी के बीच 2023–24 में पिकनिक स्पॉट इलाके में आधा दर्जन से अधिक लोगों की सड़क हादसों में मौत हो गयी थी. जबकि एक जगह गोलीबारी की घटना भी हुई थी. नये साल को लेकर इस बार पिकनिक स्पॉट पर विशेष तैयारी की गयी है. पलामू के दो दर्जन से अधिक पिकनिक स्पॉट पर सुरक्षा बढ़ा दी गयी है. लातेहार से सटे सीमावर्ती इलाके में विशेष निगरानी शुरू कर दी गयी है. लातेहार के इलाके में बड़ी संख्या में लोग नये साल का जश्न मनाने जाते हैं. केचकी संगम पर पलामू व लातेहार पुलिस ने संयुक्त रूप से सुरक्षा की योजना बनायी है. डाल्टनगंज–बरवाडीह रोड पर पुलिस गश्त बढ़ा दी गयी है. साथ ही एंबुलेंस को भी तैयार रखा गया है.

पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि नए साल को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है. सभी लोगों को खास हिदायतें दी गई हैं. इलाके में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है और स्टेट हाइवे और नेशनल हाइवे पर निगरानी बढ़ा दी गई है. पलामू में केचकी संगम, अमानत कोयल संगम, भीम डैम, मलय डैम, सोन के तटीय इलाके, बटाने डैम इलाके में लोग पिकनिक मनाने पहुंचते हैं. शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ भैया अभियान चलाया जा रहा है.

## आज नही मिलेगी मंईयां सम्मान योजना की राशि, कार्यक्रम स्थगित

लोकतंत्र की आवाज़
**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**रांची(झारखंड)।** नामकुम के खोजाटोली मैदान में प्रस्तावित मंईयां सम्मान योजना के राशि वितरण कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है. पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर राष्ट्रीय शोक की वजह से सारे कार्यक्रम स्थगित कर दिए गये हैं. रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय शोक की अवधि पूरी होने के बाद कार्यक्रम की अगली तारीख घोषित की जाएगी. 28 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना के तहत 2,500 रु. की किस्त जारी होनी थी. इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही थी. लेकिन अचानक पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से जुड़ी दुखद खबर आने के बाद पूरे देश में शोक की लहर है.

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार को दिल्ली एम्स में निधन हो गया है. दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान में भारत सरकार द्वारा दिनांक 26.12.2024 से 01.01.2025 तक सात दिवसीय राजकीय शोक मनाने का निर्णय लिया गया है. झारखंड सरकार द्वारा भी सात दिनों के राजकीय शोक का निर्णय लिया गया है. उक्त अवधि में झारखंड राज्य के उन सभी भवनों, जहां नियमित रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराये जाते हैं, पर राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे एवं किसी भी प्रकार के राजकीय समारोह का आयोजन नहीं किया जायेगा.

आपको बता दें कि झारखंड विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि अगर दोबारा उनकी सरकार बनती है तो मंईयां सम्मान योजना के तहत दी जाने वाली राशि को 1,000 रु प्रतिमाह से बढ़ाकर 2,500 रु. प्रतिमाह कर दिया जाएगा. लिहाजा, सरकार बनते ही सबसे पहले सीएम की पहल पर कैबिनेट में इस फैसले पर मुहर लगी थी. इसके बाद बढ़ी हुई पहली किस्त देने की तैयारी थी।

## हजारीबाग एसडीओ की पत्नी ने की आत्महत्या की कोशिश पेट्रोल छिड़क कर खुद को लगाई आग

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड)।** ऐसे तो निम्न व मध्यम वर्गीय परिवार में पति–पत्नी और परिवार के बीच झगड़ा झंझट होता ही रहता है यह आम बात हो गई है । लेकिन उच्च वर्गीय पदों पर बैठे लोगों के घरों में भी पति–पत्नी के बीच झगड़ा होना और इस झगड़ा से हद तक बढ़ जाना की पत्नी द्वारा खुद को आग लगा लेना काफी सोचनीय है, और विचारणीय है । ऐसे परिवार के लोगों द्वारा घटना के पीछे बताए जाने वाले कारण भी कई तरह के संदेश को जन्म देता है जब तक सही तरीके से घटना की जांच ना हो जाए घटना के पीछे के वास्तविक कारणों का स्पष्ट नहीं हो जाए तब तक पता करना मुश्किल है कुछ ऐसा ही मामला हजारीबाग जिले में घटित हुई है



हजारीबाग के एसडीओ अशोक कुमार की पत्नी अनिता कुमारी ने आत्महत्या करने की कोशिश की है घटना गुरुवार सुबह की बताई जा रही है आनन फानन में उन्हें पहले स्थानीय एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल में वर्न यूनिट भेज दिया गया लेकिन वहां भी चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रेफर कर दिया जानकारी के अनुसार इस हादसे में अनिता कुमारी 70 फ़ीसदी तक झुलस चुकी हैं घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह अशोक कुमार और उनकी पत्नी के बीच मॉर्निंग वॉक जाने को लेकर झगड़ा हु(

।झगड़ा इस कदर बढ़ा की अनिता कुमारी अपना आपा खो बैठी और उन्होंने अपने शरीर पर केरोसिन तेल अथवा पेट्रोल छिड़क कर गुस्से में आग लगा ली बाद में उन्होंने अपने खुद के शरीर में आग लगने से दौड़ने लगी घटना में एसडीओ की पत्नी बुरी तरह से झुलस गई है और पत्नी को बचाने में अशोक कुमार का भी दोनों हाथ जल गया है वह दोनों अभी इलाज रत हैं।

## बगोदर के47 प्रवासी श्रमिकों की स्वदेश वापसी

लोकतंत्र की आवाज

**अनिल कुमार ( संवाददाता)**
**प्रखंड– बिरनी ,गिरिडीह।** यहां पर एक बात ध्यान देने योग्य है कि इस प्रकार की घटना अकसर घटित होते रहती है और कभी ना कभी यह सुनने में आ ही जाता है की भारतीय मजदूर विदेश में माफिया के चंगुल में फंसकर बंधुआ मजदूर की तरह काम करने को मजबूर होते हैं। ऐसी दुख देने वाली घटना के जिम्मेवार कौन–कौन से लोग हैं? जो की एक नहीं दर्जनों परिवार के जीवन संकट में डाल देते हैं क्या इन सभी को मजदूरी करने हेतु विदेश भेजने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर इन सभी पर हमेशा के लिए प्रतिबंध नहीं लगा देना चाहिए?

दक्षिण अफ्रीका के कैमरून में झारखंड के फंसे 47 प्रवासी श्रमिकों की सकुशल वतन वापसी के लिए



- दक्षिण अफ्रीका में झारखंड के फंसे थे प्रवासी श्रमिक

बगोदर विधायक श्री नागेंद्र महतो ने विदेश मंत्री श्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर, केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्री श्री मति अन्नपूर्णा देवी जी को पत्र के माध्यम और फोन से वार्ता कर झारखंडी प्रवासी श्रमिक की सकुशल वतन वापसी की मांग किया था। जिसके फलस्वरूप बगोदर विधायक के अथक प्रयास से आज 12 प्रवासी श्रमिकों का वतन वापसी हो रही है।वहीं सभी प्रवासी श्रमिकों ने बगोदर विद्यायक जी के प्रति आभार व्यक्त किए। बाकी सभी प्रवासी श्रमिक बहुत जल्द वतन वापसी होगी।

## उपायुक्त के सहायता से एएनएम मंजू को मिली कामयाबी, जताया अभार

लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ**
**हजारीबाग (झारखंड) ।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत बनासो ग्राम नावाटांड की मंजू देवी के समाजिक कार्य में लगन , और अपनी मेहनत के कारण सम्मानित हो चुकी हैं। अपने कार्य क्षेत्र स्वास्थ सहिया में 2006 से लगातार कार्य कर रही थीं। टी०वी० उलमुलन के दवा खिलाने को लेकर उनको सिविल सर्जन हजारीबाग और प्रतिभा विकास मंच मंच सहित अन्य संघर्ष शील महिला विष्णुगढ़ से भी सम्मानित किया गया है। उनके पति समाजसेवी सुरेश राम उनको 8 क्लास से यह सोचकर पढ़ा रहे थे कि आगे जाकर अच्छा नौकरी करेगी इसीलिए मैट्रिक,इंटर और ग्रेजुएशन कराने मे सफल रहे, घर की माली हालात भी ठीक नहीं थी।

मंजू आगे अपनी बिते परिस्थितियों



का जिक्रकरते हुए बताती हैं कि नौकरी नहीं लगी तो फिर से अठट का कोर्स फिर हजारीबाग सदर में कोविड 19 काल में निस्वार्थ पूर्वक शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में काम करने को तैयार हो गई जिसमें उनके बच्चो की पढ़ाई अच्छे से नहीं हो पा रही थी एवं पति के विकलांग होने के कारण कर्ज तले दबे रहने के बावजूद भी सुरेश राम ने पढ़ाई को ज्यादा महत्व दिया और अपनी पत्नी को पढ़ाया । अपनी पत्नी के सपने को अपना सपना समझ कर उनके हर कदम में साथ निभाए वो खुद समाज सेवा बढ़– चढ़ करते रहा । सुरेश राम जैसे हो जाए तो किसी का सपना अधूरा नहीं रहेगा। इस समस्या को लेकर माननीय विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री तक को पत्राचार कर संघर्ष करती रही और योग्यता के अनुसार नौकरी मांगते रही पर कहीं से सकारात्मक विचार नहीं आया । कई बार झारखंड सरकार के वैकेंसीयों में भी भाग्य आजमाने के बाद सफलता पायीं थी। अटळ में रिजल्ट आया भी पर वेटिंग में रह गया इस बिषय को लेकर उपायुक्त महोदया हजारीबाग से बार–बार मिलते रही।

प्रतीक्षा सूची से नाम को शॉटलेट सुनते मन में खुशी हो गई। इतना संघर्ष करने के बाद नौकरी होगी । उसी दिन भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले समस्या को लेकर और मांग हेतु अपने साथी सहेली के साथ उपायुक्त कार्यालय सहियाओं सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मीओं का मांग पत्र सौंपी थी। कॉल आया कि आप को कल सिविल सर्जन कार्यालय आना है और आपका प्रतीक्षा सूची से नाम शॉर्टकट किया गया और पूछा गया कि क्या आप वैकेंस भरे थे उसमें नौकरी लेना चाहेंगे तो उन्होंने बोली है क्यों नहीं और खुशी से सुनकर झूम उठी और अपने साथी सहेलियों से मिलने लगी उसके बाद फिर से सुबह उनको बुलाया गया मिलने के पश्चात उनको जॉइनिंग लेटर मिला या जॉइनिंग लेटर पाकर अपने मन में अजीब सी खुशी होने लगी और उपयुक्त महोदय से काम मिलने से खुशी होने के कारण वह डीसी से मिलने जाने वाली थी आज संभव हो सका और उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने वाले कोविड काल में एक साथ काम कर रही सोनी कुमारी लक्ष्मी साहू के साथ अपने इस जॉइनिंग की खुशी से उपायुक्त महोदया का आभार ब्यक्त कर आशीर्वाद लिए। अपने प्यार आशीर्वाद में मंजु का पीठ थपथपाई। इस खुशी में मंजु के पति सुरेश ने पैर छू कर आशीर्वाद लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### केंद्रीय राज्य मंत्री अग्निपीड़ित के परिवारजनों से मिलकर हालात का लिया जायजा



लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार
गायघाट । प्रखंड की शिवदहा पंचायत के बठवाड़ा में भीषण अग्नि कांड के विभिन्न अग्नि पीड़ति क्षेत्रों का मुआयना कर वहां के सभी अग्निपीड़ित के परिवारजनों से मिलकर हालात का जायजा लिया. केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद डाक्टर राजभूषण चौधरी निषाद ने सभी पीड़ति परिवारों को ढांढस बंधाया. पीड़तिों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए सांसद ने सभी पीड़ितपरिवारों को सरकारी सहायता मुहैया कराने का आश्वासन दिया. उन्होने कहा कि वे जिला प्रशासन से बात करेंगे. यहां के लोगो को काफी क्षति हुई है. अगलगी से सभी प्रभावितों को आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराई जाय. साथ ही मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जाये. क्योंकि अगलगी से प्रभावित परिवारों को काफी परेशानी से जूझना पड़ रहा है. सभी को काफी क्षति हुई है. अग्निपीड़ित का सबकुछ जलकर खाक हो गया है. उन्होंने कहा कि जिला पदाधिकारी से वे विस्तारपूर्वक इस पर बात करेंगे.

### पीरपैंती: जदयू की समीक्षा बैठक संपन्न



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के एकचारी पंचायत, खवासपुर और मानिकपुर पंचायत में प्रखंड जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई ।उपस्थित जनसमूह को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा दिए जाने वाले सुविधाओं को लोगों को बताया गया। पुनः 2025 में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाने के लिए आम जनों से अनुरोध किया गया। उपस्थित लोगों ने नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाए जाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संगठन प्रभारी शाहिद रेजा साहब, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सोनी कुमारी ,प्रखंड जदयू अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गर्ग ब्राह्मण समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज, विधायक आक्या रहे मुख्य अतिथि



लोक तंत्र की आवाज
ओम जैन
(राजस्थान)शंभूपुरा। भारत में क्रिकेट का जुनुन सर चढ़ कर बोलता है। हमारे देश में क्रिकेट की दिवानगी इस कदर है कि मशहूर क्रिकेट खिलाड़ियो को युवा अपना आदर्श मानते है। चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या शुक्रवार को शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम मे गर्ग ब्राह्मण समाज की क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। संयोजक दिनेश गर्ग ने बताया कि तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में उदयपुर सम्भाग से गर्ग समाज की 10 टीमें भाग लेकर अपने खेल कौशल का परिचय देगी। विधायक आक्या ने उदघाटन मेच में खिलाड़ियो से परिचय लिया व बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। उदघाटन मेंच इंदौरा इलेवन व भीलवाड़ा इलेवन के मध्य खेला गया। इस अवसर पर गोपाल गर्ग, विशाल गर्ग, गौरीशंकर गर्ग, कैलाश गर्ग, शोभालाल गर्ग, सुभाष गर्ग, कैलाश गर्ग, कौशल गर्ग सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व समाजजन उपस्थित थे।

### बिजनौर डीएम ने दिया ब्लॉक अधिकारी को प्रशस्ति पत्र



लोकतंत्र की आवाज
रिपोर्ट रोहित कुमार
किरतपुर। विकास खंड अधिकारी सुरेंद्र कुमार द्वारा ग्राम पंचायत के माध्यम से किर से किरतपुर ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायत के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में कंप्यूटर स्थापित कराए गए हैं। जिससे शासकीय विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राएं कंप्यूटर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, खंड विकास अधिकारी सुरेंद्र कुमार ने दोनों अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी होने वाले विकास कार्यों में पूरी पारदर्शिता बढ़ती जाएगी, एवं शासन की मनसा के अनुसार प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सभी व्यक्तियों तक पहुंचाया जाएगा।

### पवन कुमार सिंह बने बिहपुर सर्किल के नये इंस्पेक्टर



लोकतंत्र की आवाज
मोहम्मद सबरार आलम
बिहपुर। गुरूवार को बिहपुर सर्किल के नये इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया। वही नए इंस्पेक्टर के पदभार ग्रहण एवं नि:वर्तमान इंस्पेक्टर चंद्रशेखर सिंह के अन्यत्र तबादले पर विदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बिहपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष राहुल कुमार ठाकुर, झंडापुर थानाध्यक्ष विश्वबंधु कुमार सहित रीडर डॉक्टर ओमप्रकाश शर्मा, श्वेत कमल एवं अन्य पुलिस कर्मियों एवं इलाके के कई जनप्रतिनिधियों के द्वारा फूलों की माला पहना कर, गुलदस्ता एवं अंगवस्त्र से स्वागत किया गया ।इंस्पेक्टर श्री पवन कुमार ने कहा, इलाके में अपराध नियंत्रण मेरी पहली प्राथमिकता होगी ।उन्होंने अपने कार्यालय कर्मियों से काम के प्रति समर्पित रहने व कार्य मे लापरवाही नही बरतने की हिदायत दी ।इंस्पेक्टर पवन कुमार सिंह पहले नवगछिया डीआईयू एवं ओएसडी में तैनात थे।

# खेल हमें सकारात्मक रूप से सोचने संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करते है: विधायक आक्या



**लोक तंत्र की आवाज**

**ओम जैन**
**(राजस्थान)शंभूपुरा।** खेल हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाते है साथ ही हमें सकारात्मक रूप से सोचने, संघर्ष करने और जीतने की क्षमता प्रदान करते है। खेल हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते है। विधायक चंद्रभानसिंह आक्या शुक्रवार को ग्राम तुम्बड़िया में अखिल मेवाड़ सुखवाल समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए उपस्थित खिलाड़ियो, आयोजको व ग्रामिणो को सम्बोधित कर रहे थे।

तुम्बड़िया सरपंच प्रतिनिधी रामप्रसाद सुखवाल ने बताया की अखिल मेवाड़ सुखवाल समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के पांचवा चरण के शुभारम्भ कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय पुष्कर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजमल पाण्डिया, विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष इंदिरा सुखवाल, चित्तौड़ जिलाध्यक्ष विष्णु दत्त ओझा व बद्री लाल श्रृंगी कोटा थे। तीन दिवसीय खेलकुद प्रतियोगिता में क्रिकेट कबड्डी और वॉलीबॉल की कुल 70 टीमे भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेगी। उदघाटन अवसर पर राजीव जोशी, तुम्बड़िया सरपंच भेरूलाल सुखवाल, राजु चराणा, राष्ट्रीय युवा उपाध्यक्ष सुनील सुखवाल पारलिया, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अंबालाल सुखवाल बनाकिया, मदनलाल जाट, शंभू लाल जाट, मांगीलाल पुरोहित, रामचंद्र सुखवाल, गुलाब सुखवाल, कालू सुखवाल, कान्हा सुखवाल, गोपी लाल सुखवाल, रामपाल सुखवाल, भैरूशंकर सुखवाल, मिट्ठू लाल सुखवाल, मुकेश सुखवाल, सीताराम सुखवाल, पप्पू लाल सुखवाल, मनोहर लाल सुखवाल, अनिल जाट, संजय सुखवाल, रवि सुखवाल, नरेश सुखवाल आदि उपस्थित थे।

## स्नेहा ने सीए बनकर परिवार को किया गौरवान्वित



**लोकतंत्र की आवाज**

**मुरारी झा**
**मनीगाछी।** प्रखंड क्षेत्र के भंडारिसम गांव निवासी भरत झा की पुत्री स्नेहा झा ने देश की प्रतिष्ठित सीए की परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार के साथ ही प्रखंड का भी नाम रौशन किया है।

स्नेहा के पिता मुंबई में प्राइवेट कंपनी में रहकर अपने परिवार का भरण–पोषण करते हैं, जबकि भरत झा के पिता अकलू झा गांव में ही रहते हैं, मां गृहणी हैं। इनकी शिक्षा मुंबई में ही हुई है। ग्रामीण क्षेत्र के एक सामान्य परिवार की उपलब्धि पर वाणेश्वरी न्यास समिति के कोषाध्यक्ष योगेन्द्र यादव, सचिव संजीव झा, ग्रामीण दुगार्नंद झा, सुनील कुमार झा, कुंवर जी झा, विष्णुकांत झा, अरुण कुमार झा सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

## मुरादाबाद:मिशन शक्ति के तहत गोष्ठी आयोजित पुलिस ने स्कूली छात्राओं को किया जागरूक

**लोकतंत्र की आवाज़**



**संवाददाता सईद कुरैशी**
**ठाकुरद्वारा।** शुक्रवार को मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत स्कूलों में छात्र छात्राओं के साथ गोष्ठी कर जागरूक किया गया साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं से अगवत कराया गया नगर स्थित स्कूलों में मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अंतर्गत स्कूलों में छात्र छात्राओं के साथ उपनिरीक्षक अंजली रानी द्वारा गोष्ठी कर जागरूक किया गया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं से अगवत कराया गया।

गोष्ठी में सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे– विधवा पेंशन योजना, वृध्दावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना ,कृषि कर भुगतान योजना, कन्या सुमंगला योजना , प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि से अवगत कराते हुए बलिकाओ को उनकी सुरक्षा एवं सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे– वूमेन पावर लाइन– 1090, घरेलू हिंसा हेल्पलाइन– 181 , पुलिस आपातकालीन सेवा 112 ,स्वास्थ्य सेवा– 102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 ,चाइल्ड लाइन 1098, साइबर क्राइम 1930, कोरोना हेल्पलाइन 1075 आदि के बारे में विस्तार से बताया गया इस दौरान कांस्टेबल गौरव कुमार, महिला कांस्टेबल विमलेश कुमारी सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## लोहरदगा: 16 की संख्या में पहुंचे हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

- कुडू प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत दोबा गांव में रात दस बजे हुई घटना

**लोकतंत्र की आवाज़**



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**लोहरदगा(झारखंड)।** कुडू प्रखंड के टाटी पंचायत अंतर्गत दोबा गांव में गुरुवार की रात करीब दस बजे पहुंचे जंगली हाथियों के एक झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। ग्रामीणों से प्राप्त सूचना के आधार पर तकरीबन 16 की संख्या में जंगली हाथी जोजरो नदी के रास्ते दोबा गांव में प्रवेश कर गये।

हाथियों के झुंड में तीन से चार शावक भी हैं। इस दौरान झुंड ने संदीप उरांव पिता बिरसा उरांव, जयराम उरांव पिता बोधा उरांव और हरमन लकड़ा पिता सीकनी लकड़ा के घरों को क्षतिग्रस्त कर दीया।

जिससे घर के सामान को काफी नुक़सान पहुंचा है। वहीं आसपास खेतों में लगी की फसलों को रौंदकर चौपट कर दिया। हाथियों के उत्पात से कुडू प्रखंड के टिको, कुंबाटोली, कुंदो, राजरोंम, चांदलासो, चेटर, इटरा, चडरा, बढ़मारा, कालीपुर, तान, मकरा, कोकर, ब्लॉक मोहल्ला, टिको, हताटोली, माराडीह, जिलिंग, और कुडू से सटे चंदवा प्रखंड के रुद, बरवाटोली, हुरहद, गोली, बेलगा, जमुआरी आदि दर्जनों जंगलवर्ती गांवो में आधा सैकड़ा से अधिक लोगों का घरों को क्षतिग्रस्त कर कई परिवारों को हाथियों ने बेघर कर दिया।

## डीसीएलआर सरफराज नवाज ने किया रेफरल अस्पताल का निरीक्षण

**लोकतन्त्र की आवाज**



**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती।** कहलगांव डीसीएलआर सरफराज नवाज ने पीरपैंती रेफरल अस्पताल,अंचल कार्यालय ,प्रखंड कार्यालय, बाल विकास कार्यालय का निरीक्षण किया। बाल विकास परियोजना कार्यालय में 4:40 पर परिचारी को छोड़कर एक भी कर्मचारी उपस्थित नहीं थे ।इस पर डीसीएलआर सरफराज नवाज ने सीडीपीओ को सप्ताह में किस दिन कार्यालय में रहना है

इस बात का बोर्ड लगाने का पूर्व में निर्देश दिया था। लेकिन ऐसा नहीं किया गया ।जिला अधिकारी को इसकी रिपोर्ट भेजी जाएगी ।वहीं रेफरल अस्पताल के निरीक्षण के बाद उन्होंने कहा कि क्वार्टर में अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए लोगों को एक सप्ताह के अंदर हटाया जाएगा ।सरकारी आवास में डॉक्टरों को रहने की व्यवस्था की जाएगी। अस्पताल का जर्जर भवन की मरम्मत के लिए जिला को प्रस्ताव भेजा जाएगा ।अंचल, प्रखंड कार्यालय में सभी कार्य संतोष जनक पाया गया। सभी कर्मी उपस्थित पाए गए। शुक्रवार को हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की जमीन चिन्हित करने के लिए अंचलाधिकारी को निर्देश दिया गया।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह को बुजुर्गो ने दी श्रद्धांजलि

**लोकतंत्र की आवाज**



**नवादा 27 दिसंबर ।** देश के पूर्व प्रधानमन्त्री और अपूर्व अर्थशास्त्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन से पूरा देश शोकाकुल है ऐसे में नवादा के बृद्धजनों की जमात जिन्होंने मनमोहन सिंह के कार्यकाल को जिया है काफी दुखी नजर आये ।

आज बृद्धों के जुटान स्थल पर पूर्व की तरह कोई गहमागहमी नहीं दिखाई दी बल्कि सभी के चेहरे गमगीन थे । इनलोगों ने आपस में विचार विमर्श करते हुए उनके कार्यकाल को सिद्दत से याद किया और दो मिनट का मौन रखकर अपने लोकप्रिय प्रधानमन्त्री को श्रद्धांजलि दी । डॉ ओंकार निराला की अध्यक्षता में आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि देश ने एक महान अर्थशास्त्री को खो दिया है जिसकी भरपाई निकट भविष्य में संभव नहीं है । ख़ास कर दस वर्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए वक्ताओं ने कई लाभकारी योजनाओं का जिक्र किया जिसने देश को संबल प्रदान किया है । मौके पर अवध किशोर सिंह , ईश्वरी प्रसाद सिंह , शिवरतन प्रसाद अधिवक्ता , महेश सिंह , बलराम सिन्हा , प्रो सत्येंद्र कुमार आदि उपस्थित थे ।

## अंधेरी नगरी चौपट राजा... शंभूपुरा में नालो के पानी से रोड बनी तलैया, जिम्मेदारों ने मुंदी आंखे

**लोक तंत्र की आवाज**



**ओम जैन**
**(राजस्थान)शंभूपुरा।** चित्तौड़गढ़ जिले की ग्राम पंचायत शंभूपुरा में विकास तो दूर लेकिन व्यवस्थाओं के हाल भी ऐसे बदहाल हो रहे मानो अंधेरी नगरी चौपट राजा। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर मुख्य रोड के किनारे बने नाले सफाई के अभाव में ग्रामीणों की समस्या बने हुए है,

ग्राम पंचायत की उदासीनता के चलते इन नालो का गन्दा पानी अब सड़को पर बहने लगा है और वाहन निकलते समय वही गन्दा पानी उछलकर दुकानों और दुकानदारों पर छिट जाता है जिससे ग्रामीण खासे परेशान है, कई बार ग्रामीणों ने पंचायत को अवगत करवा दिया लेकिन जानबूझकर पंचायत द्वारा सफाई कार्य नही करवाना ऐसा लग रहा जैसे पंचायत में सरपँच सचिव ही ना हो, इन जिम्मेदारों की उदासीनता ओर लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

**घटिया नाला निर्माण, वाहन फंस रहे, आवागमन बाधित:** शंभूपुरा में ग्राम पंचायत द्वारा लाखो रुपये खर्च कर सावा रोड कि तरफ नाला निर्माण करवाया गया, जिसमे भ्रष्टाचार की बू आ रही है, वही घटिया निर्माण के कारण ये जगह जगह से टूट गया है जिससे यहाँ शुक्रवार को भी एक टेम्पो फंस गया गनीमत रही कि पलटा नही अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।वही दूसरी ओर इस नाले को कही जगहों पर तो ढका भी नही गया और कही ढका तो पत्थर टूट गए जिससे दुकानदारो ओर ग्रामीणों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों देखा जाए तो क्षेत्र का विकास हो या साफ सफाई या अन्य सुविधाएं सभी मे पंचायत पूरी तरह से विफल साबित हो रही जिससे ग्रामीणों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही, लेकिन फिर भी ना इस ओर सरपंच ध्यान दे रहा, ना सचिव ना ही अधिकारी जिससे ग्रामीणों में खासा रोष है।

## भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने विकास के क्षेत्रो में कहा ,भारत के मान चित्र पर नवादा संसदीय क्षेत्र प्रथम पायदान पर होगा

**लोकतंत्र की आवाज**



**शेखपुरा।** शेखपुरा में मीडिया से बात करते हुए नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के कार्य में अभूतपूर्व तेज़ी आई है। उन्होंने बताया कि मोदी सरकार ने महिला शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कई अहम कदम उठाए हैं, जिससे देश की आधी आबादी का विकास तेजी से हो रहा है।

सांसद ने कहा कि महिलाओं को केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभ मिल रहा है, जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत मिशन, उर्जा योजनाएं, और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जिससे वे अपने जीवन स्तर को बेहतर बना रही हैं।विवेक ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए योजनाओं का विस्तार किया है, जो उन्हें आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर अवसर मिल रहे हैं, जिससे उनकी जीवनशैली में बदलाव आ रहा है। इसके अलावा, सरकार ने महिलाओं के लिए सस्ते और सुलभ आवास, स्व–रोजगार और वित्तीय सहायता के कार्यक्रम शुरू किए हैं, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें ।सांसद ने यह भी कहा कि महिलाओं को अब हर क्षेत्र में समान अवसर मिल रहे हैं। राजनीति, खेल, व्यापार और विज्ञान सहित विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान बढ़ रहा है, और वे अब समाज में नेतृत्व भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में महिलाएं और अधिक सशक्त होंगी और देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।